नई दिल्ली, शुक्रवार 5 जनवरी 2024 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष : 27, अंक : 271 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 18 न्यून. 08 haribhoomi.com

हरिभूमि



सागर किनारे

1 समंदर किनारे 'वॉक'



## लक्षद्वीप में समुद्र के किनारे पीएम मोदी की मॉर्निंग वॉक

# लाइफ जैकेट पहनकर उतरे लहरों में

2 डुबकी लगाते हुए



3 लहरों को निहारते मोदी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी लक्षद्वीप यात्रा के बारे में गुरुवार को अपना अनुभव शेयर किया। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की हैं। मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र किनारे अपना समय बिताया। उन्होंने बीच पर शांति और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। अपनी लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उन्होंने समुद्र में डुबकी ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी ने कहा

### इसकी अद्भुत सुंदरता, लोगों की गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं

मैं अभी भी इसके द्वीपों की अद्भुत सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं। मुझे अगत्ती, बंगाराम और कावारत्ती में लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। मैं द्वीप के लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।











### डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे मोदी व शाह



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी देश भर के टॉप पुलिस अधिकारियों से मिलने वाले हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में वह लगातार तीन दिनों तक शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस 5 जनवरी से शुरू होकर 7 जनवरी तक चलेगी। जयपुर में इस कॉन्फ्रेंस में 28 राज्यों की पुलिस के डीजी-आईजी स्तर के शीर्ष अधिकारी भाग लेंगे।

## केजरीवाल और भाजपा में एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार

# मैं भ्रष्ट तो पैसे कहां गए : केजरीवाल
# ईमानदार हैं तो भाग क्यों रहे: भाजपा



*आप की सफाई - अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर कहीं नहीं मिला*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आबकारी नीति मामले में ईडी के समन के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश न होने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाला, पिछले दो साल ये शब्द आपने कई बार सुना होगा। 2 साल की भाजपा की सारी एजेंसियां कई रेड मार चुकी हैं, कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं लेकिन अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर कहीं नहीं मिला। अगर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मेरी सबसे बड़ी संपति मेरी ईमानदारी

शराब पुलिस मामले में ईडी के समन पर केजरीवाल ने कहा कि सच्चाई यह है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ था। भाजपा मुझे गिरफ्तार करना चाहती है। मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है और वे इसमें सेंध लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे वकीलों ने बताया है मुझे लगता है कि मुझे भेजे गए समन अवैध हैं। वे जांच के बहाने मुझे बुलाना चाहते हैं और फिर मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं।

### समन को बताया गैर कानूनी

सीएम ने कहा कि झूठे आरोप लगाकर फर्जी समन भेजकर ये मुझे बदनाम करना चाहते हैं। मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजे हैं। मेरे वकीलों ने मुझे बताया कि ये समन गैर कानूनी हैं, क्यों गैर कानूनी हैं, ये मैंने इन्हें विस्तार से लिखकर भेजा है। उन्होंने जवाब नहीं दिया। अगर कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं पूरा सहयोग करूंगा।

### भाजपा का मकसद मुझे रोकना

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का मकसद जांच करना नहीं है। इनका मकसद तो लोकसभा चुनाव में मुझे प्रचार करने से रोकना है। ठीक लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने मुझे समन क्यों भेजा। इस जांच के चलते दो साल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले मुझे क्यों बुलाया जा रहा है?

### केजरीवाल पर अनुराग का हमला

#### केजरीवाल बेईमान साबित हो रहे



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने केजरीवाल पर हमला बोला। कहा, ईमानदारी की बातें करते थे। अब भ्रष्टाचार सामने हैं। केजरीवाल भी भ्रष्टाचार में शामिल हैं। वे बेईमान हैं।

### भाजपा प्रवक्ता सुधांशु का निशाना

#### समन से भाग रहे, सीसीटीवी का जाल दिखाइए



भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में इलाज धोखा है। केजरीवाल ने कहा कि था कि हमारी सरकार बनेगी तो सीसीटीवी का जाल बिछा देंगे, कहां हैं जाल?

### मंत्री भारद्वाज और आतिशी का दावा

#### ईडी गिरफ्तार करने वाली है...



दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया था कि सुनने में आ रहा है गुरुवार को केजरीवाल के घर ईडी पहुंच कर उन्हें गिरफ़्तार करने वाली है।

### दिल्ली के एलजी ने दिए आदेश

#### मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट की जांच सीबीआई को सौंपी




दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट के मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। एलजी कार्यालय के मुताबिक दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी मरीजों के नाम पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**वाह...240 मिनट में 533 मरीज देख लिए?**

मोहल्ला क्लीनिक के अंदर जांच की व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार के तथ्य सामने आए हैं कि एक दिन में 500 मरीज देखे गए हैं जबकि समय सुबह 9 बजे से 1 बजे तक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## चीन ने माना भारत का 'लोहा'

### मोदी के नेतृत्व को सराहा रणनीतिक रूप से भारत 'ज्यादा विश्वास' से भरा



### पूरी दुनिया का मेंटर बनना चाहता है भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन के 'ग्लोबल टाइम्स' ने भारत की जमकर तारीफ की है। एक लेख में उसने भारत की शक्ति को भी माना है और पीएम मोदी के नेतृत्व को भी सराहा है। लेख में जोर देकर कहा गया है कि भारत अब रणनीतिक रूप से ज्यादा विश्वास से भरा दिखता है, वो विकास के प्रति ज्यादा सक्रिय हो चुका है।

'ग्लोबल टाइम्स' के लेख में लिखा गया कि भारत अपने एक्सपोर्ट पर ज्यादा जोर दे रहा है। उसका भारत वाला नेरेटिव ज्यादा उभरकर सामने आ रहा है, वो ज्यादा आत्मविश्वास से भरा लगा रहा है। लेख में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भारत अब हर कीमत पर गुलामी वाली मानसिकता से मुक्त होना चाहता है, वो पूरी दुनिया का मेंटर बनना चाहता है, फिर चाहे वो राजनीतिक रूप से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### तल्ख रिश्तों के बीच इस तारीफ ने 'चौंकाया'

अब वैसे तो भारत की बढ़ती ताकत की तारीफ कई मौकों पर हुई है, लेकिन चीन की तरफ से ऐसा होना हैरान करता है। चीन के साथ पिछले कुछ सालों से भारत के रिश्ते तल्ख चल रहे हैं, आलम ये है कि सीमा पर तनाव बढ़ता चला गया है। उस बीच अगर चीन की सरकार का सबसे बड़ा मुखपत्र माना जाने वाला ग्लोबल टाइम्स पीएम मोदी की तारीफ कर दे, तो पूरी दुनिया के लिए इसके मायने बढ़ जाते हैं। वैसे ये तारीफ भी उस समय की गई है, जब चीन पूरी दुनिया के निशाने पर है। असल में ऐसी अटकलें चल रही हैं कि चीन कुछ खतरनाक करने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन में लोप नूर नाम की एक जगह है जहां पर 1964 में सबसे पहले परमाणु परीक्षण किया गया था। अब दावा ये हुआ है कि उस इलाके में फिर कुछ ऐसी गतिविधियां दिखी हैं जिनसे अंदेशा उठना शुरू हो गया है कि शी जिनपिंग किसी बड़ी रणनीति पर काम कर रहे हैं। जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें ▶▶ शेष पेज 5 पर






## देखें...नवनिर्मित राम मंदिर की विशेषताएं

### प्राण-प्रतिष्ठा तक केवल एक मंजिल तक ही निर्माण पूर्ण हो पाएगा



### मंदिर की हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट, कुल 392 खंभे और 44 द्वार




मंदिर में लोहे का प्रयोग नहीं। धरती के ऊपर बिलकुल भी कांक्रीट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में रामलला का मंदिर अभी निर्माण की प्रक्रिया में है। मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए अयोध्या धाम में 16 जनवरी से ही कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।

मंदिर का निर्माण परम्परागत नागर शैली में किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंह द्वार से होगा

वहीं, मंदिर परिसर के खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं। इसके साथ ही मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा। वहीं दिव्यांगजन एवं वृद्धों के लिए मंदिर में रैंप व लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी। मंदिर के चारो ओर आयताकार परकोटा रहेगा। चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फीट ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी पर फंसे पवन खेड़ा



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा के खिलाफ दर्ज एफआईआर और आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने से इनकार कर दिया है। खेड़ा ने मोदी और उनके पिता के नाम पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिस पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी। लेकिन वहां भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खेड़ा को मामले का सामना करना पड़ेगा।



# फर्जी केस में लोगों को फंसाने का डर दिखाकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

## खुद को पुलिसकर्मी बताकर करते थे लोगों को ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस की साइबर टीम द्वारा एक धोखाधड़ी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। बिहार के चंपारण क्षेत्र से दो जालसाज गिरफ्तार हुये हैं। इनके नाम मोहम्मद नसर अली निवासी पूर्वी चंपारण, बिहार और संतोष कुमार यादव निवासी पश्चिम चंपारण, बिहार है। आरोपी खुद को पुलिस अधिकारी बताकर फर्जी केस में फंसाने का डर दिखाकर साइबर ठगी करते थे। इनके पास से 15 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, छह एटीएम कार्ड, ठगी गई रकम और अन्य दस्तावेज बरामद हुये हैं। यह सिंडिकेट मोतिहारी, बिहार से चलाया जा रहा था।



डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार वर्तमान मामले में एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी लक्ष्मी चंद चावला निवासी यमुना विहार की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि 24 अक्टूबर को उन्हें अज्ञात नंबर से एक व्हाट्सएप कॉल आया। कॉलर ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि उनके पोते को अपहरण के एक मामले में शामिल होने के लिए उठाया गया था, जिसमें दो अन्य लोग भी शामिल थे। दोनों व्यक्तियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तुम्हारे पोते का नंबर है। घटना की पुष्टि के लिए शिकायतकर्ता को उसके रोते हुए पोते की आवाज भी सुनाई गई। फोन करने वाले ने उनसे तुरंत रुपये ट्रांसफर करने को कहा। पोते की रिहाई के एवज में पीड़ित ने 70 हजार रुपये पेटीएम पर ट्रांसफर कर दिये, क्योंकि शिकायतकर्ता उस समय अपने पोते और उसके माता-पिता से संपर्क करने में सक्षम नहीं था। कुछ मिनटों के बाद उनके पास दोबारा फोन आया और दो लाख रुपये की मांग की गई। इस बार उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने पोते के माता-पिता से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि उसका पोता सुरक्षित है और घर पर है। प्रारंभिक जांच के दौरान, यह सामने आया कि हस्तांतरित धोखाधड़ी की राशि पंजाब के लुधियाना में एक पीएनबी शाखा में प्राप्त की गई थी। राशि को अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से स्थानांतरित किया गया और अंततः बिहार में निकाल लिया गया।

टीम ने तकनीकी निगरानी की और बिहार के चंपारण क्षेत्र में कथित व्यक्ति की लोकेश का पता लगाया। छापा मारकर एक संदिग्ध व्यक्ति मोहम्मद नसर को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसके सहयोगी संतोष कुमार यादव को भी पकड़ा गया। संतोष पहले भी हरियाणा और दिल्ली में पंजीकृत इसी तरह के तीन अन्य मामलों में शामिल पाया गया है। वह अनुबंध के आधार पर तकनीकी सहायता स्टाफ के रूप में बिहार पुलिस के साथ काम करता था।

## पांच करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में शामिल रही महिला पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने पांच करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी में लिप्त एक महिला जालसाज को गिरफ्तार किया है। रश्मि राठी (40) बुलंदशहर, यूपी की रहने वाली है। इस पर राई, कुंडली सोनीपत में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर लोगों को फ्लैट रीसेल करने का आरोप है। डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी के अनुसार रोहिणी के रहने वाले शख्स की शिकायत पर साल 2022 में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि 1 जनवरी 2021 को उसने मैक्स हाइट्स ड्रीम होम्स, कुंडली, सेक्टर-61, सोनीपत, हरियाणा में एक फ्लैट खरीदा था। इसकी पेमेंट आरटीजीएस के माध्यम से की गई थी। बकायदा उन्हें फ्लैट का कब्जा भी मिल गया था और उनके नाम की रजिस्ट्री भी हो गई थी। इसके बाद उन्होंने इसी सोसायटी में एक अन्य फ्लैट खरीदने के लिए अरुण राठी और प्रतीक राठी के कहने पर रश्मि राठी को शुरुआती पेमेंट 17 लाख रुपये कर दी। 12 लाख रुपए कैश और पांच लाख आरटीजीएस के जरिए दिए गए। पेमेंट के बाद उन्हें फ्लैट की चॉबी भी मिल गई। लेकिन कंपनी के निदेशकों ने भुगतान प्राप्त करने से इंकार कर प्रॉपर्टी उनके नाम पर ट्रांसफर करने से इंकार कर दिया। साथ ही आरोप लगाया कि रश्मि राठी ने अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह से धोखा किया है। इस तरह वह पांच करोड़ से ज्यादा रुपए लोगों हड़प चुकी है। पुलिस ने जांच के दौरान फ्लैटों के वास्तविक आवंटियों की जांच की, जिन्होंने बताया कि कुंडली, सोनीपत स्थित प्रोजेक्ट 'मैक्सहाइट्स ड्रीम होम्स' में फ्लैट बुक किए थे। यह परियोजना मैक्सहाइट प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की गई थी। कंपनी ने फ्लैटों के एवज में आवंटन पत्र जारी कर दिया था। उन्होंने रश्मि राठी को अपने फ्लैट बेचने के लिए कभी नहीं कहा। उनके पास फ्लैटों के मूल दस्तावेज हैं। राठी ने जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर उनके फ्लैट अन्य लोगों को बेचे और मोटी रकम इकट्ठा कर फरार हो गई। एसीपी हरि सिंह की टीम ने तफ्तीश के दौरान आरोपी महिला के बारे में जानकारी जुटायी और उसे एक जनवरी को अरेस्ट कर लिया। उसके दो बैंक खातों में पांच करोड़ रुपये जमा होने का पता चला। यह धनराशि या तो नकद या फिर अन्य खातों में ट्रांसफर की गई थी।

## गणतंत्र दिवस से पहले स्पेशल सेल को मिली सफलता

# हिजबुल का आतंकी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस से पहले अलर्ट स्पेशल सेल को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हिजबुल मुजाहिद्दीन का खूंखार और वांछित आतंकवादी जावेद मट्टू (32) गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक 9एमएम की पिस्टल, आधा दर्जन कारतूस, एक अतिरिक्त मैगजीन और एक चोरी की कार बरामद हुई है। यह आतंकी जम्मू-कश्मीर में 11 आतंकी हमलों में वांछित रहा है और इसकी गिरफ्तारी पर 10 लाख से अधिक का इनाम घोषित था।

स्पेशल सीपी एच जी एस धालीवाल के अनुसार मट्टू जम्मू-कश्मीर में पांच ग्रेनेड हमलों, पांच पुलिस कर्मियों की हत्या और दर्जनों पुलिस कर्मियों और लोकल व्यक्तियों को घायल करने में शामिल था। सोपोर, जम्मू-कश्मीर में एक आईईडी विस्फोट में भी इसका हाथ रहा है। पुलिस को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़ा जम्मू-कश्मीर का एक खूंखार और वांछित आतंकवादी हथियार और गोला-बारूद इकट्ठा करने के लिए एनसीआर में आएगा। सूचना पर स्लीपर सेल और हथियार सप्लायरों पर नजर रखने वाले सूत्र सक्रिय किये गये और गुरुवार को मट्टू को दबोच लिया गया। जावेद अहमद मट्टू उर्फ इरसाद अहमद मल्ला उर्फ एहसान पुत्र अब्दुल गनी निवासी कुशल मट्टू, सोपोर, जिला बारामूला एक कॉलेज ड्रॉपआउट है। वह उत्तरी कश्मीर, विशेषकर सोपोर, जम्मू-कश्मीर के इलाके में सक्रिय हिजबुल मुजाहिद्दीन के सात खूंखार आतंकवादियों के गिरोह का सदस्य है। वह पिछले 13 वर्षों से पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की पकड़ से बचता रहा है। सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में घायल होने के बाद, वह कुछ समय के लिये भूमिगत हो गया और पाक आईएसआई के निर्देश पर नेपाल भाग गया था। उसके अन्य छह आतंकी सहयोगियों के नाम अब्दुल माजिद जर्गर उर्फ शाहीन निवासी सोपोर, जम्मू-कश्मीर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं। वह मट्टू सहित पाकिस्तान से अन्य हिजबुल मुजाहिद्दीन कैडरों को संभाल रहा है। आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के अलावा, वह फाइनेंस और हथियारों का प्रबंधन भी करता था। अब्दुल कय्यूम नज़र पाक प्रशिक्षित आतंकवादी है। वह भी सोपोर का रहने वाला है और सात आतंकियों के इस गिरोह का परिचालन प्रभारी था। सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में मारा जा चुका है। तारिक अहमद लोन भी पाक प्रशिक्षित आतंकवादी है।



वह हंदवाड़ा, जम्मू-कश्मीर का निवासी है। कथित तौर पर सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने पर वह नदी में कूद गया तो डूबने से उसकी मौत हो गई। इम्तियाज कुंडू भी सोपोर का रहने वाला है। वह 2015-16 में पाकिस्तान भाग गया और वर्तमान में शाहीन के साथ काम कर रहा था। मेहराज हलवाई सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में मारा गया था। वसीम गुरु के भी सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में मारे जाने की सूचना है।

## इजराइल दूतावास विस्फोट जांचः दिल्ली पुलिस ने जामिया से सीसीटीवी फुटेज मांगे

**नई दिल्ली।** इजराइली दूतावास के पास विस्फोट के कुछ दिन बाद दिल्ली पुलिस ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया को पत्र लिखकर विश्वविद्यालय की दीवारों पर लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने को कहा है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि घटना से दो घंटे पहले पृथ्वीराज रोड पर विस्फोट स्थल जाने वाले लोगों में से एक व्यक्ति दक्षिण-पूर्व दिल्ली के जामिया नगर से आया था और वह जामिया मिल्लिया इस्लामिया मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो-रिक्शा में सवार हुआ था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि विश्वविद्यालय को पत्र लिखा गया है क्योंकि विश्वविद्यालय की दीवारों पर कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इन कैमरों का मुख ओखला रोड की ओर है, जहां से विस्फोट का एक संदिग्ध ऑटो-रिक्शा में सवार हुआ था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है, जिसने 26 दिसंबर को इजराइली दूतावास के पास बम रखा था। हालांकि अभी उसकी पहचान नहीं हुई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस पहले ही ऑटो-रिक्शा चालक से पूछताछ कर चुकी है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता चला है कि घटनास्थल पर जाने के बाद संदिग्ध इंडिया गेट की ओर चला गया। सूत्रों ने कहा कि घटनास्थल से नमूने एकत्र करने वाली 'एनएसजी' ने दिल्ली पुलिस को बताया है कि यह आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट नहीं था, बल्कि यह देसी बम हो सकता है। हालांकि, इसकी रिपोर्ट अभी नहीं सौंपी गयी है। विस्फोट 26 दिसंबर की शाम को पृथ्वीराज रोड पर नंदा हाउस और केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान की चारदीवारी के बीच के क्षेत्र में हुआ। इस क्षेत्र में झाड़ियां, पेड़-पौधे हैं और वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है।

## चंदर विहार में अवैध वाहन स्क्रैपिंग यार्ड का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले की एएटीएस टीम ने 50 फुटा रोड, चंदर विहार इलाके में अवैध स्क्रैपिंग यार्ड का खुलासा किया। एक आरोपी को पकड़ा गया है। बड़ी संख्या में वाहनों के कलपुर्जे, तीन ऑक्सीजन गैस सिलेंडर, एक एलपीजी सिलेंडर, एक गैस कटर और अन्य उपकरण भी जब्त किये गये हैं। डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम सविंदर सिंह (52) पुत्र संतोख सिंह निवासी 23/88, बीएसईएस कार्यालय के पास, तिलक नगर है। पुलिस ने जब उनसे यार्ड के संबंध में लाइसेंस मांगा तो वह कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर पाया। भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1986 के प्रावधानों के उल्लंघन को लेकर बुधवार को आरोपी के खिलाफ निहाल विहार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। अवैध स्क्रैपिंग यार्ड की जानकारी संबंधित एसडीएम से भी साझा की गई है। मामले की आगे की जांच की जा रही है।

## गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम **प्रिया तिवारी**, पत्नी महेश कुमार सिंह, निवासी खसरा नं. 10/25/2, लक्खी राम पार्क, सी ब्लॉक, निठारी, दिल्ली, जो दिनांक 19.12.2023 को लगभग 12:00 बजे से बाला जी मंदिर, रामा विहार से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 68ए, दिनांक 22.12.2023,** को **पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली,** में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।



प्रिया तिवारी

इस लापता महिला का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : स्त्री, **उम्र** : 18 ½ वर्ष, **कद** : 5'4'', **रंग** : गहरा, **पहनावा** : नीला सूट, नीली जैकेट।

इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली
फोन नं. : **8750870321**
ई–मेल : **sho-amanvhr-dl@nic.in**

**DP/156/RD/2024**

## एम्स के डायरेक्टर ऑफिस में लगी आग, रिकॉर्ड जला

**नई दिल्ली।** एम्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर ऑफिस में गुरुवार सुबह आग लग गई। सूचना पर दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। घटना में फ्रीज, फर्नीचर और ऑफिस में रखा रिकॉर्ड जलने की बात कहीं गई है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 5 बजकर 58 मिनट पर गेट नंबर दो, टीचिंग ब्लॉक डायरेक्टर ऑफिस दूसरी मंजिल पर आग की सूचना मिली थी। दमकलकर्मियों ने जल्द मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। आग कॉरिडोर में रखे फ्रीज से लगी थी, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर दवाइयों के बड़े सैंपल और ब्लड लेने में इस्तेमाल की जाने वाली ट्यूब को स्टोर करने के लिए किया जाता है। इस घटना के समय एम्स का फायर स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया था।

## समयपुर बादली : नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने समयपुर बादली इलाके के संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में चल रही नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। फैक्ट्री मालिक अतुल गुप्ता (43) को पकड़ करीब 720 लीटर ऑयल जब्त हुआ। इसके अलावा नामचीन ऑयल कंपनियों का पैकेजिंग सामान भी बरामद हुआ है।

मामले में कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल बनाने के बारे में इनपुट मिला था। पुलिस टीम ने फैक्ट्री में रेड कर नामचीन कंपनी के इंजन ऑयल के डिब्बे, ऑयल से भरे बड़े ड्रम, पैकेजिंग के दूसरे सामान जब्त किए। फैक्ट्री में दो जगह ड्रमों में 495 लीटर तैयार नकली ऑयल रखा था, जबकि एक जगह 220 लीटर कच्चा ऑयल मिला। इसके अलावा नामचीन कंपनियों के मोनोग्राम, स्टीकर, बोटल्स, ढक्कन आदि भी भरे हुए थे। आरोपी से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है नकली ऑयल कहां पर सप्लाई किया जाता था। इस मामले को लेकर क्राइम ब्रांच ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर पुलिस इस धंधे से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

# 10 लाख रुपये चुराने की साजिश में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ऋणदाता ने एक शख्स को रकम देकर उसकी जानकारी अपने सहयोगियों को साझा कर दी। इसके बाद रुपये चुरा लिये गये। उत्तरी जिले की कोतवाली पुलिस ने केस में तीन लोगों को गिरफ्तार कर 10 लाख रुपये में से करीब आठ लाख 10 हजार रुपये बरामद कर लिये हैं। आरोपियों तक पहुंचने के लिये पुलिस का 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने का दावा है। डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 15 दिसंबर 2023 को शिकायतकर्ता मो. आबिद, निवासी ग्राम इलेटिल, जिला कोझिकोड, केरल ने कोतवाली थाने से संपर्क किया और रुपये से भरे बैग की चोरी की सूचना दी। उसने बताया कि एक दिन पहले शाम करीब 7:45 बजे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके 10 लाख रुपये चुराये। शिकायतकर्ता केरल में सेकेंड हैंड कारों का कारोबार करता हैं। उसे तत्काल रुपये की जरूरत है इसलिये उसने अपने एक परिचित मोहम्मद अली से 10 लाख रुपये लिये थे। जामा मस्जिद से रकम लेकर जब वह लाल किले के पास परेड ग्राउंड पार्किंग में पहुंचा तो रुपये चोरी हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान, टीम ने आरोपी व्यक्तियों के आगे और पीछे के मार्ग के लगभग 300 सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी के आधार पर आरोपी व्यक्तियों द्वारा इस्तेमाल की गई स्कूटी का पता लगाया। रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर एक आरोपी अनस वाजिद निवासी बाजार सीताराम, तुर्कमान गेट को 20 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। उसने नकदी से भरा बैग चुराने में अपनी भूमिका कबूल की और यह भी खुलासा किया कि उसने अपने सहयोगी अबरार अहमद निवासी पटौदी हाउस दरियागंज के साथ मिलकर अपराध किया था। इस काम में उसके हिस्से में तीन लाख रुपये आये थे। इसके पास से 2.5 लाख रुपये बरामद कर लिए गए। शेष आरोपी व्यक्तियों का पता लगाने के प्रयास जारी रहे। 2 जनवरी को दूसरे सह-आरोपी अबरार अहमद को भी पकड़ लिया गया। उसने खुलासा किया कि जानकार मो. अली ने उसे नकदी के बारे में टिप दी थी और पैसे चुराने के लिए कहा था। इसके बाद मो. अली को भी चोरी की साजिश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर यह खुलासा हुआ कि आरोपी अबरार अहमद को चार लाख रुपये मिले थे। तीन लाख रुपए अनस वाजिद ने रख लिए थे। वहीं तीन लाख रुपये मोहम्मद अली को दिये गये थे। चोरी के इस केस में बाद में आईपीसी की धारा 120-बी भी जोड़ी गई है। अली जामा मस्जिद में कपड़े की दुकान चलाता है।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 12 अदद सब स्टेशनों और 2 अदद कार्यालयों (जे/गढ़ एस/ऑफिस और एस/ऑफिस डीघल) (बेरी) की स्वीपिंग और क्लीनिंग हेतु एकमुश्त अनुबंध। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | ईएमडी 20000/- | www.uhbvn.org.in NIT-34XEN/BERI/2024-25 dated 10.01.2024 | 9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | ओपी सब डिवीजन, यूएचबीवीएन शहजादपुर हेतु चालक सहित 1 अदद महिन्द्रा बोलेरो। | बंद होने की तिथि 17.01.2024 | 6000/- | www.uhbvn.org.in NITNO.04/NGH/2023-24 | 9354726356 xenopnaraingarh@uhbvn.org.in |
| 3 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन, जुंडला (करनाल) के उपयोग हेतु चालक सहित एक अदद बोलेरो हार्ड टॉप जीप। | बंद होने की तिथि 10.01.2024 | 6000/- प्रत्येक | www.uhbvn.org.in NIT40/VechileSU-II2023-24 Dated 02.01.2024. | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |
| 4 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन, मुनक (करनाल) के उपयोग हेतु चालक सहित एक अदद बोलेरो हार्ड टॉप जीप। | बंद होने की तिथि 10.01.2024 | 6000/- प्रत्येक | www.uhbvn.org.in NIT39/VechileSU-II2023-24 Dated 02.01.2024. | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |
| 5 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन डिवी. नं. 2, यूएचबीवीएन, करनाल के उपयोग हेतु चालक सहित एक अदद बोलेरो हार्ड टॉप जीप। | बंद होने की तिथि 10.01.2024 | 6000/- प्रत्येक | www.uhbvn.org.in NIT38/VechileSU-II2023-24 Dated 02.01.2024. | 1842268351 xenopsu2karnal@uhbvn.org.in |
| 6 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन लाखनमाजरा, रोहतक में 2 अदद क्वार्टर्स श्रेणी-III का विखण्डन। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 43379/- | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-82/CCR/2023-24 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 7 | यूएचबीवीएन | 2 वर्ष हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक्सईएन/ एम एंड पी डिवीजन, यूएचबीवीएन, सोनीपत के कार्यालय में एक्सईएन हेतु अपेक्षित 1 अदद वाहन (बोलरो / जीप) की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 16.01.2024 | 6000/- प्रति वाहन BA-16 के अनुसार केवल | www.uhbvn.org.in NIT-01/M&P/SNP/2024 | 9671685744 xenmnpsonepat@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/140/23936/I/88/7 दि. 04.01.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला | इन जिलों में सभी सरकारी महाविद्यालयों को 17 जिलों की कैटरिंग के राजकीय महाविद्यालयों में स्टार्ट-अप इंक्यूबेटर-कम-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना और प्रबंधन करना। | 03.01.2024 24.01.2024 | 1 लाख | www.highereduhry.ac.in | 9988150150 hechrycoordination@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में आरडी 0.00 से 0.67 तक डीएम रोड से इंडस्ट्रीज पृथला तक नये रोड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 13.01.2024 | 147.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8851491777 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में निर्माण सदन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 1135.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | सोहना, जिला गुरुग्राम में नये ब्लॉक जन स्वास्थ्य यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.01.2024 | 38.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव पबनावा में अमीचंद चौपाल का निर्माण + 23 कार्य। | 04.01.2024 11.01.2024 | 191.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कलानौर, रोहतक | गांव भाली आनंदपुर, ब्लॉक कलानौर, जिला रोहतक में सतबीर पुत्र हरि सिंह जट्ट के मकान से बड़ा तालाब तक और राममेहर पुत्र भायाराम कुम्हार के मकान से महावीर पुत्र मेहर सिंह जट्ट के मकान तक नाला का निर्माण + 3 कार्य। | 03.01.2024 18.01.2024 | 47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 SDOPRKALANAUR@GMAIL.COM |
| 7 | पंचायती राज पंचकूला | गांव नाला ब्लॉग, जीपी जबरोट, ब्लॉक पिंजौर में बाबू राम के मकान के निकट नाला पर कल्वर्ट का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 03.01.2024 09.01.2024 | 0.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव जगरामबास से गोपी, ब्लॉक बाढड़ा, जिला चरखी दादरी में सम्पर्क रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 03.01.2024 24.01.2024 | 264.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज फतेहाबाद | चुरपुर - गांव चुहड़पुर, ब्लॉक झकाल में एस.डब्ल्यू.एम. शैड का निर्माण + 9 कार्य। | 03.01.2024 10.01.2024 | 62.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | कब्रिस्तान (कैलाना खास) में चारदिवारी का निर्माण + 3 कार्य। | 03.01.2024 09.01.2024 | 27.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitedersingh838@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज कथूरा, सोनीपत | गांव घड़वाल में ठोस कचरा प्रबंधन का निर्माण (जिला परिषद) + 13 कार्य। | 03.01.2024 09.01.2024 | 66.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitedersinghsdo957@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भड़ाना, ब्लॉक सोनीपत में कर्मबीर के मकान से मनोज पुत्र रमेश के खेत तक बीओई रास्ता का निर्माण, जैडपी + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.01.2024 | 46.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 vijaypal2315@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज भिवानी | एचआरडीएफ - गांव घुसकानी, ब्लॉक व जिला भिवानी में शमशान घाट की शैड, चारदिवारी और पानी की टंकी का निर्माण (स्कीम एचआरडीएफ-2023-2024) + 13 कार्य। | 02.01.2024 07.01.2024 | 109.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज भिवानी | जैडपी तोशाम - गांव मिरान में शहीद एलटी धर्मवीर सिंह एकेडमी में हॉल कमरे का निर्माण जैडपी + 10 कार्य। | 02.01.2024 07.01.2024 | 130.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 15 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 68000-एल एमएमके डिस्टी. पर आरडी 0 से 99000 ऑफटेकिंग तक साडेवा डिस्टी. की रिमॉडलिंग। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | 1039.19 लाख | www.hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | गांव कोरियावास जिला महेन्द्रगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालय में नहर आधारित जलघर पर कच्चा जल व्यवस्था + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 736.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | आरडी 42200 से 69310 तक पाइ डिस्टी. की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 10.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1276298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2024/340/23939/I/88/7 दि. 04.01.24

# नहीं थम रहा सर्दी और कोहरे का सितम, सड़क से हवाई यात्रा तक प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में शीत लहर और कोहरे का सितम थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसके चलते राजधानी कई पहाड़ी जगहों से ज्यादा ठंडी हो रही है। जिसके चलते दिल्ली वाले कई प्रकार की परेशानियां उठा रहे है। वहीं दूसरी तरफ कोहरे ने सड़क से लेकर रेल व हवाई यात्रा तक को प्रभावित करने में कसर नहीं छोड़ी। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली दूसरे दिन कोल्ड डे में शामिल रही। न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने अनुमान व्यक्त किया है कि शुक्रवार को लगातार तीसरा दिन कोल्ड डे वाला हो सकता है। मतलब कि शीत लहर तीसरे दिन भी दिल्ली वालों को राहत देने के मूड में नहीं है। पारा और नीचे लुढ़क सकता है, यानी कड़ाके की सर्दी घरों में रहने के लिए मजबूर करने की कोशिश करेगी।

सुबह के समय दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में कहीं ज्यादा कहीं कम कोहरा छाया रहा। हवाई अड्डे पर विजिबिलिटी कम रही जिसके चलते कई उड़ानों में देरी हुई। इसक अलावा रेल व सड़क सेवाएं भी कोहरे के चलते प्रभावित हुई। सुबह से ही दिल्ली में कड़ाके की ठंड व कोहरे के चलते आसमान में सूरज देखने को नहीं मिला। दोपहर बाद कुछ समय के लिए सूरज ने आसमान से झांका जरूर लेकिन पूरी तरह से नजर नहीं आया।



## नए साल में तीसरी बार सीजन की सबसे ज्यादा बिजली की मांग हुई 5 हजार मेगावाट पार दर्ज

नई दिल्ली। नए साल में तीसरी बार गुरुवार को बिजली की मांग पांच हजार मेगावाट पार दर्ज हुई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) के आंकड़ों के मुताबिक सुबह 10 .45 बजे बिजली की अधिकतम मांग 5257 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि ठीक 24 घंटे पहले बिजली की खपत ने इस सीजन का नया रिकॉर्ड दर्ज करते हुए बिजली की खपत 5257 मेगावाट रही थी, जो सबसे ज्यादा है। वहीं नए साल के प्रथम दिन यानी एक जनवरी 2024 की सुबह 10:29 बजे बिजली की मांग 5134 मेगावाट दर्ज हुई थी। जबकि इससे पहले 1 जनवरी 2023 को 4614 मेगावाट, 1 जनवरी 2022 को 4487 मेगावाट, 1 जनवरी 2021 5021 मेगावाट और 1 जनवरी 2019 को 4472 मेगावाट अधिकतम बिजली की दर्ज हुई थी। एक तरफ लगातार बिजली की मांग बढ़ रही है वहीं दूसरी तरफ बिजली की कटौती की भी शिकायत बढ़ने लगी है। लेकिन इस मामले पर निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि सर्वाधिक मांग को बिना किसी कटौती के पूरा किया जा रहा है। कंपनियों का कहना है कि सर्दियों में बिजली की अधिकतम खपत का आकलन करके पहले ही पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है।

## खबर संक्षेप

### सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए महापौर ने बनाया एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि कुछ समय पहले दिल्ली नगर निगम द्वारा 'अब दिल्ली होगी साफ' अभियान की शुरुआत हुई थी। अब इसी सफाई अभियान के अंतर्गत एक एक्शन प्लान बनाया गया है। हम जनवरी माह के पहले हफ्ते से लेकर फरवरी माह तक एक महीने का एक सफाई अभियान चलाएंगे। यह जन जागरण अभियान होगा। इसके अंतर्गत सभी जोनों में मैराथन निरीक्षण किए जाएंगे। इसमें महापौर सहित तमाम अधिकारी, जन प्रतिनिधि, उपमहापौर, नेता सदन एक महीने तक दिल्ली की सड़कों पर उतरकर मैराथन निरीक्षण करेंगे। प्रत्येक जोन में तीन-तीन निरीक्षण किया जाएंगे। हम 10 से 15 किलोमीटर तक पैदल चलकर निरीक्षण करेंगे। आम आदमी पार्टी सरकार का एजेंडा दिल्ली को साफ सुथरा बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने सभी 12 जोनों में नोडल ऑफिसर्स नियुक्त किए थे। महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मकसद दिल्ली को साफ सुथरा और एक विश्व स्तरीय शहर बनाना है।

### येलो लाइन पर तकनीकी खराबी ने किया यात्रियों को परेशान

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम से समयपुर बादली पर शाम के समय आई तकनीकी खराबी की वजह से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। तकनीकी खराबी की वजह से उक्त लान के लोक कल्याण मार्ग और उद्योग भवन स्टेशनों के बीच ट्रैक सर्किट ड्रॉप (सिग्नलिंग) मुद्दे के कारण मेट्रो सेवाएं प्रभावित हुई। खराबी की जानकारी मिलने के बाद डीएमआरसी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर खराबी की जानकारी पोस्ट की। वहीं खराबी के समय मेट्रो में बैठे कई यात्रियों ने डीएमआरसी को कोसने में कमी नहीं छोड़ी। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि लोक कल्याण मार्ग और उद्योग भवन स्टेशनों के बीच ट्रैक सर्किट ड्रॉप (सिग्नलिंग) मुद्दे के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई। इस खराबी के चलते छोटे खंड, लोक कल्याण मार्ग और उद्योग भवन स्टेशनों के बीच ट्रेनें प्रतिबंधित गति सेचलाई गई।

### मेरे खून की एक-एक बूंद देश के लिए है समर्पित : मुख्यमंत्री

# मुझे गिरफ्तार कर लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है भाजपा : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मकसद जांच करना नहीं है बल्कि लोकसभा चुनाव में मुझे प्रचार करने से रोकना है। यह बात गुरुवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रैसवार्ता में कही। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ठीक लोकसभा चुनाव के पहले मुझे समन भेजा क्यों, इस जांच को चलते दो साल हो गए ठीक लोकसभा चुनाव से पहले मुझे क्यों बुलाया जा रहा है, पहले क्यों नहीं बुलाया। सीबीआई ने मुझे आठ महीने पहले बुलाया था मैं सीबीआई में गया था और उनके सारे सवालों के जवाब दिए थे। अब ठीक लोकसभा चुनाव से दो महीने पहले मुझे बुला रहे हैं। तो भाजपा का मकसद पूछताछ करना नहीं, इनका मकसद पूछताछ के बहाने केजरीवाल को बुला लो और उसे गिरफ्तार कर लो ताकि मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर पाऊं। केजरीवाल ने कहा कि शराब घोटाले में दो साल में भाजपा की सारी एजेंसियां कई बार रेड मार चुकी हैं, कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। कहीं से कोई पैसा नहीं मिला। अगर भ्रष्टाचार हुआ है तो इतने करोड़ों रुपए कहां चले गए। क्या हवा में उड़ गए। सच्चाई यह है कि किसी तरह का भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं। अगर भ्रष्टाचार होता तो पैसा मिलता। ऐसे फर्जी केसों में आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को जेल रखा हुआ है। किसी के भी खिलाफ कोई सबूत नहीं है। कुछ साबित नहीं हो रहा है। खुलेआम गुंडागर्दी चल रही है। किसी को भी पकड़ कर जेल में डाल देते हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज भाजपा भ्रष्टाचारियों को नहीं पकड़ रही है। बल्कि खुलेआम ईडी और सीबीआई का प्रयोग कर दूसरी पार्टियों के नेताओं को तोड़कर भाजपा में शामिल करवाने का काम किया जा रहा है। इसके कई उदाहरण हैं। जहां किसी पार्टी के नेताओं के खिलाफ सीबीआई और ईडी के मामले चल रहे थे या उन पर गंभीर आरोप लगे थे। जैसे ही वह नेता बीजेपी में शामिल हुए उनके सारे मामले बंद कर दिए गए या ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। जो इनकी पार्टी ज्वाइन कर लेता है उसके सारे मामले रफा-दफा कर दिए जाते हैं। जो इनकी पार्टी में नहीं जाता है वह जेल जाता है। आज मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और विजय नायर इसलिए जेल में नहीं है कि उन्होंने भ्रष्टाचार किया है। वह इसलिए जेल में है क्योंकि उन्होंने बीजेपी में शामिल होने से इनकार कर दिया है।



### भाजपा मेरी ईमानदारी पर करना चाहती है चोट

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी संपत्ति और ताकत मेरी ईमानदारी है। मेरा तन मन धन देश के लिए है। मेरी एक-एक सांस देश के लिए है। मेरे खून की एक-एक बूंद देश के लिए है। मेरे शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित है। ये लोग झूठे आरोप लगाकर और फर्जी समन भेजकर मुझे बदनाम और मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इस फर्जी केस में इन्होंने आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को जेल में रखा हुआ है और अब मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं। हमें मिलकर देश को बचाना है। मैं जी जान से इनके खिलाफ लड़ रहा हूं। आपका साथ चाहिए।

### भेजे गए समन गैर कानूनी हैं, सही समन पर पूरा सहयोग दूंगा

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने (ईडी ने) मुझे समन भेजे। मेरे वकीलों ने बताया कि ये समन गैर कानूनी है। क्यों गैर कानूनी है यह मैंने इनको विस्तार से लिखकर भेजा है। मैंने बताया है कि उनके समन कैसे गैरकानूनी है। लेकिन उन्होंने मेरी एक बात का जवाब नहीं दिया। इसका मतलब मेरी बातों का उनके पास जवाब नहीं है। इसका वे भी मानते हैं कि उनका समन गैर कानूनी है। क्या मुझे गैर कानूनी समन का पालन करना चाहिए। अगर कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं पूरा सहयोग करूंगा।

### हम भ्रष्टाचारी नहीं है, इसलिए भाजपा का कर पा रहे हैं मुकाबला

आज हम भाजपा का मुकाबला इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि हमने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है। अगर हमने जरा से भी गलत काम किया होता तो दूसरे भ्रष्टाचारी नेताओं की तरह आज हम भी भाजपा में शामिल हो चुके होते। इस तरह देश के ईमानदार नेताओं को जेल में डाल कर और भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल करवा कर ऐसे तो देश आगे नहीं बढ़ सकता। ये क्या चल रहा है। ये जो कुछ भी चल रहा है बहुत खतरनाक है। यह हमारे जनतंत्र के लिए बहुत गलत है। इसे रोकना होगा। हमें मिलकर देश को बचाना है। मैं जी जान से इनके खिलाफ लड़ रहा हूं। आपका साथ चाहिए।

### आज या कल केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है ईडी : भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्हें ईडी आज (शुक्रवार) या (कल) शनिवार गिरफ्तार कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सूचना है, लेकिन हम अपने सूत्र नहीं बता सकते। ईडी सूत्रों के हवाले से कह रही है कि आज गिरफ्तार नहीं करेंगे। आज तो ऐसे भी गिरफ्तार नहीं कर सकते क्योंकि खेल खुल गया। अब आज या कल करेंगे। सौरभ ने प्रैसवार्ता में बताया कि आज पूरे देश में चर्चा है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को केंद्र सरकार गिरफ्तार करना चाहती है। पिछले दो सालों से हम लोग सुन रहे हैं कि दिल्ली में शराब घोटाला हो गया। बीजेपी रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहती है कि करोड़ों रुपए का घोटाला हो गया। लेकिन आजतक एक भी रुपए की बरामदगी नहीं हुई।

### भाजपा विपक्षी पार्टियों को तोड़ने के लिए कर रही है पीएमएलए और ईडी का प्रयोग : आतिशी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी पीएमएलए कानून और ईडी का प्रयोग नेताओं को डराने-धमकाने और विपक्षी पार्टियों को तोड़ने के लिए कर रही है। यह बात गुरुवार को आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने प्रैसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पीएमएलए देश का इकलौता ऐसा कानून है जिसके प्रावधानों के तहत बेल मिलना लगभग असंभव है। इसलिए भाजपा इसके तहत अपने विपक्षियों पर झूठे केस कर रही है। अगर विपक्ष का कोई भी नेता भाजपा में शामिल हो जाता है तो समन-गिरफ्तारियां बंद हो जाती है, ईडी कोर्ट में जाकर केस वापस ले लेती है।

### डिजिटल प्रेसवार्ता का सहारा लेकर मनगढ़त कहानियां कहने का प्रयास कर रहे हैं केजरीवाल : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल द्वारा डिजिटल प्रेसवार्ता करने पर कहा है कि जिस तरह के घोटाले अरविंद केजरीवाल के सामने आ रहे हैं वह अब मीडिया के सामने आने से भी बच रहे हैं। नवम्बर 2023 से अब तक केजरीवाल को ईडी द्वारा 3 बार समन भेजा जा चुका है लेकिन तीनों बार केजरीवाल नए बहाने बनानकर बचते रहे हैं और मीडिया उनसे सवाल ना करें इसलिए वह डिजिटल प्रेसवार्ता का सहारा लेकर मनगढ़त कहानियां कहने का प्रयास कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने 24 नवम्बर 2012 को ट्वीट करके कहा था कि एक देश भक्त भारतीय के रूप में, मेरा सिर शर्म से झुक जाता है जब हमारे भ्रष्ट नेता जांच एजेंसियों के कई समन के बाद भी ईडी और सीबीआई के सामने पेश नहीं होते हैं, जबकि आरोप लगते ही उन्हें पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उन्हें पेश होना चाहिए लेकिन आज जब वही स्थिति अपने ऊपर आई तो केजरीवाल बचने का हर हथकंडा अपना रहे हैं।

### केजरीवाल के भ्रष्टाचारों का भर चुका है घड़ा : बिधूड़ी

नई दिल्ली। सांसद रमेश बिधूड़ी, भाजपा नेता हरीश खुराना, बांसुरी स्वराज, प्रवीण शंकर कपूर ने केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार पर हमला बोला और कहा कि केजरीवाल के भ्रष्टाचारों का घड़ा भर चुका है और वह दिन दूर नहीं जब उन्हें अपने भ्रष्टाचार की सजा भोगनी होगी। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का डर सताने लगा है इसलिए उनके अंदर बौखलाहट मचनी शुरु हो गई है। बौखलाहट के बीच केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं के चेहरों पर कानून के शिकंजे का डर साफ दिख रहा है। बिधूड़ी ने कहा है कि बार-बार आम आदमी पार्टी के नेता केजरीवाल को ईमानदार बता रहे हैं लेकिन शराब ठेकेदारों का कमीशन 5 फीसदी से 12 फीसदी करने के मुख्य साजिशकर्ता अरविंद केजरीवाल ही हैं और वे जांच एजेंसियों से भाग नहीं सकते। उन्हें इसका जवाब देना पड़ेगा।

### कानून के दायरे में कर रही है ईडी अपना काम : खुराना

प्रदेश भाजपा सचिव हरीश खुराना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनके नेताओं को मनोहर कहानियां बनाने का बहुत शौक है, लेकिन केजरीवाल को यह समझने की जरुरत है कि ईडी अपना काम कानून के दायरे में कर रही है और वे अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए कानून से ज्यादा महत्वपूर्ण विपासना, छतीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव है। केजरीवाल के खुद के सेक्रेटरी का कमीशन बढ़ाने से लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा 350 करोड़ रुपये के मनी ट्रेल का जिक्र किया गया है, उसका भी जवाब देना पड़ेगा।

### केजरीवाल मुख्यमंत्री जरुर हैं लेकिन वह कानून से ऊपर नहीं : स्वराज

प्रदेश भाजपा सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल शायद यह भूल चुके हैं कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री जरुर हैं लेकिन वह कानून से ऊपर नहीं है। एक आम आदमी के आवरण में केजरीवाल एक खास आदमी बन चुके हैं और नवम्बर 2023 से अब तक ईडी उन्हें समन भेज रही है लेकिन केजरीवाल जांच से भाग रहे हैं। बुधवार को केजरीवाल द्वारा जांच एजेंसी को भेजा गया पत्र उनकी उदंडता का प्रमाण है जो शायद एक सामान्य नागरिक कभी नहीं कर सकता। बांसुरी स्वराज ने कहा है कि ईडी की छापेमारी गोपनीय होती है फिर आम आदमी पार्टी के नेता किस आधार पर केजरीवाल की गिरफ्तारी की बात कर रहे है ? ऐसा लगता है उन्हें पता है कि केजरीवाल की चोरी पकड़ी गई है?

### तीन दिवसीय दौरे पर कल गुजरात रवाना होंगे केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। यहां अरविंद केजरीवाल 6 से 8 जनवरी तक गुजरात दौरे पर रहेंगे। सीएम केजरीवाल अपनी चुनावी यात्रा के दौरान जन सभाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। आप का कहना है कि इस दौरान केजरीवाल, जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता चैतर वसावा से भी मिल सकते हैं। सीएम केजरीवाल गुजरात ऐसे समय में जाने वाले हैं जब ईडी उन्हें लगातार समन भेज रही है। बताया जा रहा है कि ईडी अरविंद केजरीवाल को चौथी बार समन भेजने की तैयारी में है। इससे पहले दिल्ली के कथित शराब घोटाले में ईडी ने सीएम केजरीवाल को तीन बार पेश होने के लिए समन भेजा है, लेकिन तीनों ही बार अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल का कहना है कि यह समन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और यह गैर कानूनी है। आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल ना तो इस मामले में आरोपी हैं और ना ही गवाह हैं। ऐसे में ईडी किस हैसियत से उन्हें समन भेज रही है। यह ईडी को बताना चाहिए। वहीं आम आदमी पार्टी के नेता दावा कर रहे हैं कि ईडी अरविंद केजरीवाल के घर पर छापेमारी करके उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी में है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि ईडी की कार्रवाई भाजपा के इशारे पर हो रही है। भाजपा के कार्यालय में किस नेता के खिलाफ कार्रवाई होनी है इसकी रणनीति तैयार की जाती है। बता दें कि केजरीवाल को जब ईडी का तीसरा समन मिला था तब भी केजरीवाल पंजाब में 10 विपश्यना पर चले गए थे।

### हर एक देशवासी को अपना परिजन मानते हैं प्रधानमंत्री मोदी : प्रवेश

नई दिल्ली। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर एक देशवासी को अपना परिजन मानते हैं। पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी, अयोध्या निवासी मीरा मांझी को धन्यवाद प्रेषित करने के लिए उन्हें पत्र लिखा और साथ ही उनके परिवार के लिए उपहार भी भेजे हैं। पत्र में लाभार्थी मीरा को संबोधित करते हुए लिखा है कि आपको व परिवार के सभी सदस्यों को नव वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में आप व आपके परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात और आपके द्वारा बनाई गई चाय पीकर बहुत प्रसन्नता हुई। पत्र में पीएम मोदी ने लिखा है कि अयोध्या से आने के बाद मैंने कई टीवी चैनलों पर आपका इंटरव्यू देखा। उनमें आपका व परिवार के अन्य सदस्यों का आत्मविश्वास और जितने सरल व सहज ढंग से आप लोगों ने अपने अनुभवों को साझा किया वह देखकर अच्छा लगा। आप जैसे मेरे करोड़ों परिवारजनों के चेहरों की यह मुस्कान ही मेरी पूंजी है, सबसे बड़ा संतोष है, जो मुझे देश के लिए जी-जान से कार्य करने की नई ऊर्जा देता है। आपका उज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी बनना एक आंकड़ा भर नहीं है, बल्कि मैं इसे करोड़ों देशवासियों के बड़े-बड़े सपनों व संकल्पों के पूर्ण होने की एक कड़ी के रूप में देखता हूं।

### दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा



नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही को जारी रखते हुए दिल्ली नगर निगम ने गुरुवार को कई क्षेत्रों में पीला पंजा चलाया साथ ही निगम प्रशासन ने बताया कि दिल्ली नगर निगम अवैध निर्माण को लेकर ज़ीरो टोलरेंस पॉलिसी का अनुसरण कर रहा है। दिल्ली नगर निगम अवैध निर्माण के खिलाफ नियमित रूप से कार्यवाही कर रहा है। बताया गया कि नरेला, बुराड़ी, मंडावली, त्रिलोकपुरी और जगतपुरी में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। नगर निगम कर्मियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए महिला बल सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहे।

## फर्जी लैब टेस्ट घोटाले में सैकड़ों करोड़ रुपये के लेनदेन का संकेत

# एलजी ने दी मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी लैब भ्रष्टाचार मामले पर सीबीआई जांच की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें कम होने की बजाए लगातार बढ़ती जा रही है। लगातार दूसरे दिन उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने गुरूवार को करोड़ों के भ्रष्टाचार के एक और मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए है। ताजा मामला दिल्ली में चल रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी प्रयोगशाला परीक्षण का है, जिसमें करोड़ों के भ्रष्टाचार होने को लेकर एलजी सक्सेना ने सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। राजनिवास से प्राप्त जानकारी अनुसार गत दिनों दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाइयों का मामला प्रकाश में आने के बाद एलजी ने उन सभी दवाइयों की कथित आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी, जो मानकों पर खरा उतरने में नाकाम रही थीं। इस मामले पर राज निवास के एक अधिकारी ने बताया कि मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी लैब टेस्ट घोटाले में सैकड़ों करोड़ रुपये के लेनदेन का संकेत है। एलजी ने दिसंबर 2022 में मोहल्ला क्लीनिक और दिल्ली सरकार के अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए निजी प्रयोगशाला में जांच सुविधाओं के विस्तार से संबंधित एक फाइल को मंजूरी देते हुए ये निर्देश जारी किए। जिसके बाद दिल्ली सरकार के सतर्कता और स्वास्थ्य विभाग ने निजी डायग्नोस्टिक कंपनियों को भेजी जा रही प्रयोगशाला जांच के संबंध में छानबीन की थी। पिछले साल अगस्त में सामने आया कि दक्षिण-पश्चिम, शाहदरा और उत्तर-पूर्वी जिलों के सात मोहल्ला क्लीनिक ऐसे थे जिनमें चिकित्सकों और कर्मचारियों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही थी, जबकि वास्तव में पहले से रिकॉर्ड वीडियो से उपस्थित दिखाया जा रहा था। इनमें जाफर कलां, उजवा, शिकारपुर, गोपाल नगर, ढांसा, जगजीत नगर और बिहारी कॉलोनी में बने मोहल्ला क्लीनिक शामिल है। अधिकारी की माने तो मरीजों के पंजीकरण और उनकी प्रयोगशाला जांच के लिए फर्जी या ऐसे मोबाईल नंबर जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं था, दर्ज किए हुए थे। इसके अलावा ऐसे फर्जी नंबर कई मरीजों के नाम के आगे लिखे गए थे। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि जांच रिपोर्ट में सामने आया कि एक ही मोबाइल नंबर-9999999999 पर लगभग 3,092 मरीजों के नाम रिकॉर्ड थे। इसमें 999 रोगियों के नाम पर उनके मोबाइल नंबर का 15 या अधिक बार लिखा गया। इसी तरह 11 हजार 657 मरीजों के नाम के आगे मोबाइल नंबर केवल शून्य दर्ज था। वहीं 8,251 मरीजों के मामले में मोबाइल नंबर का कॉलम ही खाली छोड़ दिया गया था। सनद रहे कि एलजी की इस मंजूरी के बाद सीएम केजरीवाल के एक और ड्रीम प्रोजेक्ट पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग गए है। जबकि एलजी ने बुधवार को ही दिल्ली सरकार के वन विभाग में हुए तथाकथित 223 करोड़ के घोटाले के मामले में सीबीआई जांच की मंजूरी दी थी।



### मोहल्ला क्लीनिक की निगरानी का काम डीजीएचएस और हेल्थ सेक्रेटरी का है, इन्हें सरकार से पूछकर नहीं किया गया तैनात : भारद्वाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा मोहल्ला क्लीनिक की सीबीआई जांच के आदेश देने और भाजपा द्वारा करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाने पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने ही इन अफसरों को लगाए हैं, तो इस गड़बड़ के लिए भी तो सीधे तौर पर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य सचिव किसने लगाए हैं। दिल्ली की चुनी हुई सरकार ने तो नहीं लगाए। स्वास्थ्य विभाग की डीजीएचएस की नियुक्ति किसने की है। ये भी दिल्ली की चुनी हुई सरकार ने नहीं लगाई है। ये सभी अफसर उपराज्यपाल या केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए हैं। ये बहुत ही अजीब जांच है, जिसमें खुद के द्वारा लगाए गए अफसरों को भ्रष्ट बताया जा रहा है और सीबीआई में जांच भेजी जा रही है। मगर दिलचस्प बात ये है कि इन अफसरों के ऊपर उपराज्यपाल द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। भारद्वाज ने कहा कि वीडियो द्वारा एप में डॉक्टरों की अटेंडेंस लगाई जा रही थी। इस गड़बड़ी करने के लिए उन सभी 26 कर्मचारियों को तुरंत नौकरी से निकालने के आदेश दिए गए थे। साथ ही इन पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश भी दिए गए थे।

### मोहल्ला क्लीनिक घोटाले के बाद अब केजरीवाल को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गुरुवार को कहा है कि अब मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट का घोटाला पकड़े जाने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। उन्हें फौरन इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उनकी सरकार घोटालों की खान बन गई है। रोज नए-नए घोटाले उजागर हो रहे हैं।

गृहणियों के लिए एनसीआरटीसी की पहल

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने ड्राइविंग प्रशिक्षण योजना की शुरुआत

एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद क्षेत्र में एक विशेष पहल की है, जिसमें गृहणियों को ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 18 से 35 वर्ष की लगभग 500 महिलाओं को अलग-अलग समूह में ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**खास बातें**

- 4 से 5 दिन का दिया जाएगा क्लासरूम प्रशिक्षण
- 2 से 3 दिन तक दी जाएगी तकनीकी जानकारी
- 4 से 5 दिन बताई जाएंगी बरती जाने वाली सावधानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद में एक विशेष पहल की है, जिसमें महिला गृहणियों को ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 18 से 35 वर्ष की लगभग 500 महिलाओं को अलग-अलग समूह में ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला प्रतिभागियों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है ताकि वे अपनी आजीविका बढ़ा सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

ऐसे चलाइए...



## प्रशिक्षण के बाद लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने में भी मदद

कार्यक्रम के शुरुआती चरण में लगभग 4-5 दिनों तक महिलाओं को ड्राइविंग के नियमों और ड्राइविंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से परिचित कराने के लिए क्लासरूम ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके बाद दूसरे चरण में 2-3 दिनों तक वाहनों के बारे में तकनीकी जानकारी दी जाती है। इसके बाद तीसरे चरण में उन्हें 4-5 दिनों तक सिमुलेटर के माध्यम से गाड़ी चलाते समय नियंत्रण बनाए रखना सिखाया जाता है। अंत में, आखिरी चरण में महिलाओं को नियंत्रित वातावरण में सड़कों पर ड्राइविंग का अभ्यास करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, एनसीआरटीसी इन महिला प्रतिभागियों को ड्राइविंग के लिए लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने में भी सहायता प्रदान कर रहा है। ड्राइविंग प्रशिक्षण पूरा होने पर ये महिला प्रतिभागी टैक्सी या ई-रिक्शा जैसे वाहन चलाकर अपने घर की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

## जेएफपीआर के अनुदान से चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम

एशियन डेवलेपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा प्रशासित जेएफपीआर (जापान फंड फॉर प्रॉस्परस एंड रेजिलिएंट एशिया एंड द पेसिफिक) अनुदान के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। एनसीआरटीसी नियमित रूप से महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें टैक्सी ड्राइवरों को प्रशिक्षण, ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए लिंग संवेदीकरण और रोजगार के लिए कौशल विकास सहित इसी तरह की पहल के तहत सैकड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

## राजकुमार वोहरा बने भाजपा के जिला अध्यक्ष

फरीदाबाद। हरियाणा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने बीती रात हरियाणा प्रदेश के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की सूची जारी की। जिसमें फरीदाबाद के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजकुमार वोहरा को फरीदाबाद का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही प्रदेश के पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल को प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजकुमार वोहरा भाजपा फरीदाबाद के बहुत पुराने व सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वोहरा पूर्व में संगठन में युवा मोर्चा से लेकर मंडल और जिले में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।



## झुग्गी में लगी आग में जिंदा जला चौकीदार

गुरुग्राम। बादशाहपुर थाना एरिया गांव पलड़ा में झुग्गी में लगी आग से उसमें सो रहा चौकीदार जिंदा जल गया। चौकीदार ने सर्दी से बचने के लिए हाथ सेकने के लिए आग लगाई थी। सुबह करीब आठ बजे पुलिस को सूचना मिली तो बादशाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरु कर दी। स्टेडियम के रखरखाव के लिए अजीत ने असम निवासी कमल (27) को रखा हुआ था। जो ग्राउंड में झुग्गी बनाकर रहता था।



## मनी ट्रांसफर की दुकान पर बैठी छात्रा से लूट

गुरुग्राम। सेक्टर-5 थाना एरिया के दयानंद कॉलोनी में दिन दहाड़े बदमाशों ने मनी ट्रांसफर की दुकान पर बैठी छात्रा को लूट लिया। आरोपी स्कूटी से आए और तीन में से दो आरोपी दुकान में गए। जिन्होंने छात्रा का मुंह बंद कर दिया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो पाया कि इन दोनों युवकों के साथ एक अन्य युवक भी था। जिन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## ईडी के जरिए केजरीवाल को रोकने का प्रयास

गुरुग्राम। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ईडी के जरिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बढ़ते कदमों को रोकने का प्रयास कर रही है। गुप्ता के साथ पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, गुरुग्राम लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर और गुरुग्राम जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना, वीरसिंह सरपंच, सारिका वर्मा सहित शामिल रहे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल आगामी 28 जनवरी को हरियाणा में बदलाव महारैली करेंगे। जिसकी तैयारी के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संदीप पाठक और हरियाणा नेतृत्व 4 जनवरी से ही लोकसभा और जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।



रोज गार्डन के निर्माण कार्यों का शुभारंभ

## डेढ़ करोड़ रुपए से रोज गार्डन की बाउंड्रीवॉल, गार्ड व माली का कमरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने एनआईटी स्थित रोज गार्डन के पुनःउद्धार के तहत करीब एक करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से होने वाले रोज गार्डन की बाउंड्री वॉल, गार्ड रूम, माली रूम एवं ग्रीन रूम सत्संग मंडल, शौचालय एवं पैंट्री के कार्य के नवनिर्माण का शुभारंभ सत्संग मंडल के सदस्यों एवं शहर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कराया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत कर इन विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सत्संग मण्डल रोज गार्डन से गोपीचंद आहूजा, भवानी दास मलिक, गोपीचंद रतड़ा, ओमप्रकाश खत्री, धर्म चंद लाल, गुरप्रसाद गांधी, डॉ. अशोक खत्री, सुभाष चंद्र अरोड़ा, प्रभु दयाल मुंजाल, फकीर चंद कुकरेज, पुरुषोतम लाल सचदेवा, कं. भान खत्री, हरबंस लाल बांगा, प्रेम कपूर, शमशेर सिंह कथूरिया, सुभाष चंद्र भाटिया, किशोर लाल विनायक, सत्येन्द्र पाण्डे, दीपा भाटिया एवं एफएमडीए के कार्यकारी अभियंता विनय ढुल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जिम के लिए उपकरण भी मिलेंगे

त्रिखा ने कहा कि यह निर्माण कार्य आगामी चार महीने में बनकर तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी पार्कों का सौन्दर्यकरण करने के साथ-साथ उनमें जिम के उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य बेहतर रह सके। उन्होंने आह्वान किया कि वे पार्कों को साफ-सुथरा रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

धर्मशाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत

# भारत को पूर्ण रूप से विकसित करने में कारगर साबित होगी संकल्प यात्रा

▶▶ सरकार जनता के घर पहुंचकर दे रही है योजनाओं की जानकारी, लाभार्थियों की पहचान कर रही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्राएं बड़ी कारगर साबित होंगी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के निर्देश पर भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने सिंगला धर्मशाला, सीही गेट, सेक्टर 1 में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया।

शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई हैं जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है।

उन्होंने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सभी विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**खास बातें**

- सरकार जनता के घर पहुंचकर योजनाओं की दे रही जानकारी
- समाज के प्रत्येक नागरिक को देना होगा योगदान

गैस कनेक्शन के लिए विधायक ने लगाया कैंप

## देश में जारी हुए 18 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर के सेक्टर 37 स्थित कार्यालय पर उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन देने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक के भाई सुधीर नागर ने शिविर में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया।

सुधीर नागर ने कहा कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी हमारी मां बहनों को परिवार के लिए भोजन बनाने के लिए भारी धुएं का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी उनके लिए रसोई गैस की उज्ज्वला योजना लाए। इस योजना के तहत करोड़ों परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिया गया है। जिसके बाद से लकड़ी और कोयले पर आम गरीब व्यक्ति की निर्भरता घटी है।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के शासन में करीब 18 करोड़ कनेक्शन दिए गए हैं, जिनमें से 10 करोड़ कनेक्शन उज्ज्वला योजना के तहत दिए गए हैं।

नगर आयुक्त ने की पहल

# ट्रैफिक नियमों का पालन कराने में आगंतुकों को निगम भी करेगा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा पालन कराने के लिए मोटिवेट किया गया है। पांचों जोनल कार्यालय में भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के आदेश दिए हैं जिसके क्रम में निगम मुख्यालय तथा जोनल कार्यालय में आने वाले आगंतुकों से ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य करें प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड भी लगाने के लिए कहा गया है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार



नगर आयुक्त द्वारा अपने निगम कर्मचारियों तथा अधिकारियों को निगम तथा जोनल कार्यालय में आते समय सीट बेल्ट तथा हेलमेट का आवश्यक प्रयोग करने के लिए कहा गया है साथ ही अन्य आगंतुकों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए अपील की गई है।

शहरवासियों से अपील की गई है कि वह निगम कार्यालय में जाते समय हेलमेट वह गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नवंबर माह जो की ट्रैफिक नियमों का विशेष माह होता है उसमें भी सहयोग किया था। कई जगह शहर में डायरेक्शन बोर्ड भी लगाए गए थे। इसी प्रकार सड़क सुरक्षा के लिए जन-जन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए निगम सहयोग कर रहा है। गाजियाबाद नगर निगम अन्य विभागों से समन्वय कर शहर हित में बेहतर करने के लिए सदैव तत्पर है जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग प्राप्त होता है।

## ड्राइवर दंपती पर साढ़े दस लाख रुपए के फर्जीवाड़े का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राजनगर में रहने वाले कारोबारी ने अपने ड्राइवर और उसकी पत्नी पर फर्जीवाड़ा करके साढ़े दस लाख का चूना लगाने का आरोप लगाते हुए, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया है। कविनगर पुलिस का कहना है कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

राजनगर सेक्टर-चार में रहने वाले नवनीत कुमार मित्तल का कहना है कि उन्होंने राजीव कॉलोनी निवासी अनुभव यादव को ड्राइवर की नौकरी पर रखा था। अनुभव ने उनका खाना बनाने के लिए अपनी पत्नी सुमैया परवीन को रखवा दिया। दूसरे नौकर से झगड़ा होने के बाद अनुभव और उसकी पत्नी अपना हिसाब करके घर से चले गए, लेकिन अनुभव उनके संपर्क में रहता था और जरूरत पड़ने पर बतौर चालक आ जाता था। मित्तल का कहना है कि एक दिन मोबाइल नंबर पोर्ट करने के बहाने अनुभव ने उनका मोबाइल लिया और कुछ देर बाद वापस कर दिया।

उन्होंने एक चेक अपने स्टाफ को दिया, जो बाउंस हो गया। बाद में पता चला कि अनुभव और उसकी पत्नी ने फर्जीवाड़ा कर उनके खाते से साढ़े दस लाख रुपए निकाले हैं। आरोप है कि शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## हत्या के प्रयास के मामले में मोनू मानेसर को राहत, कोर्ट ने जमानत को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हत्या के प्रयास मामले में आरोपी मोनू मानेसर को कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने मोनू मानेसर की जमानत अर्जी को मंजूरी दे दी है। सुनवाई के दौरान पुलिस ने मोनू की जमानत का विरोध किया। पुलिस ने मोनू के फरार होने की आशंका जताई है। हालांकि मोनू अभी जेल में ही रहेगा।

पटौदी पुलिस थाना क्षेत्र में 6 फरवरी को पटौदी के बब्बर शाह मोहल्ले में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में मोहीन की कमर में गोली लगी थी। मोहीन के पिता मुबीन खान ने मोहित उर्फ मोनू मानेसर के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया था। मोनू मानेसर को नूंह पुलिस ने भड़काऊ भाषण के मामले में गिरफ्तार किया था। उसी दिन राजस्थान पुलिस मोनू मानेसर को नासिर-जुनैद हत्याकांड में प्रोडक्शन वारंट पर ले गई थी।



इसके बाद ही पटौदी थाना पुलिस इस मामले में मोनू को राजस्थान से लेकर आई थी। तभी से भोंडसी जिला जेल में बंद है। पटौदी थाना पुलिस ने मोनू मानेसर के खिलाफ अदालत में धारा 307, 147, 148, 149 व 120बी के तहत आरोपी मानते हुए पटौदी अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी।

# मास्टर प्लान लागू होने पर प्राधिकरण का क्षेत्र 130 हेक्टेयर बढ़ जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का मास्टर प्लान 2031 जल्द लागू होगा। बुधवार को प्राधिकरण ने





मास्टर प्लान का फाइनल ड्राफ्ट शासन को भेज दिया। शासन स्तर से लागू होने के बाद गाजियाबाद, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर और लोनी में करीब 130 हेक्टेयर जमीन का भू-उपयोग बदल जाएगा। इससे विकास को रफ्तार मिल सकेगी।

जीडीए की नवंबर में हुई 163वीं बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान 2031 के तीन ड्राफ्ट को एक एकीकृत कर मंजूरी दे दी थी। पिछले दिनों फाइनल मास्टर प्लान पर मेरठ मंडलायुक्त के हस्ताक्षर समेत अन्य औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं। अब जीडीए ने बुधवार को इसे शासन को भेज दिया। जीडीए के अधिकारी बताते हैं कि मास्टर प्लान को शासकीय समिति सत्यापित करेगी, जिसके बाद इसे लागू करने की सिफारिश होगी। इसके बाद शासन स्तर से यह लागू किया जाएगा। इसके लागू होने से गाजियाबाद, डासना में 50 हेक्टेयर, मोदीनगर, मुरादनगर में 60 हेक्टेयर, लोनी में 20 हेक्टेयर जमीन का भू-उपयोग बदलकर आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्र हो जाएगा। इन क्षेत्रों को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा सकेगा। बता दें कि जीडीए का वर्तमान दायरा 184 गांवों की 3,889 हेक्टेयर जमीन पर फैला है।

### हर किसी को अपना घर मिल सकेगा

मास्टर प्लान में सबसे अधिक आवासीय क्षेत्र है। इससे लोगों को घर मिल सकेगा। मास्टर प्लान में 35.7 फीसदी क्षेत्र आवासीय रहेगा। 19.8 फीसदी मनोरंजन, 16.8 फीसदी परिवहन, 10.1 फीसदी औद्योगिक, 9.2 फीसदी पब्लिक/सेमी पब्लिक उपयोग, 2.4 फीसदी मिश्रित भू-उपयोग, 2.09 फीसदी व्यावसायिक क्षेत्र है।

### ये योजनाएं परवान चढ़ेंगी

मास्टर प्लान लागू होने के बाद एनएच नौ, एनपीआर या हाईवे के आसपास ट्रांसपोर्टनगर विकसित करने के लिए जमीन चिह्नित की गई है। साथ ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के किनारे दो लॉजिस्टिक पार्क बनेंगे। दुहाई के पास वेयरहाउस और इंटर स्टेट टर्मिनल के विकसित होने की संभावना है। लोनी, भोजपुर आदि क्षेत्रों में औद्योगिक पार्क बनाने के लिए जमीन चिह्नित है।

16 जनवरी तक बढ़ाई अभियान की तारीख

# सड़कों से गोवंश को आश्रय स्थल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पूरे यूपी के साथ दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले में गौ संरक्षण अभियान 16 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। अभी तक पूरे जिले में चले अभियान के दौरान एक हजार से अधिक गोवंश को संरक्षण दिया गया है। सभी गोवंशों को सड़क से उठाकर को आश्रय स्थलों पर भेजा गया है। ये सभी जिले की सीमा के अंदर का सड़कों पर विचरण कर रहे थे। आश्रय स्थलों में उनके खाने पीने की व्यवस्था की गई है। साथ ही ठंड से बचने के लिए भी पूरे इंतजाम किए गए।

जिला पशु चिकित्सा अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद एक नवंबर से यह अभियान शुरू किया गया था जो 31 दिसम्बर तक पूरा होना था लेकिन शासन ने अभियान को अब 16 जनवरी बढ़ा दिया गया



है। उन्होंने बताया कि सभी विकासखंड अधिकारियों व नगर निकाय के अधिशाषी अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है और जिले में कल 1000 गौवंश के संरक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसको हासिल कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियान को कामयाब बनाने के लिए पूरे जिले में 10 वाहन भ्रमण कर रहे हैं और जिन पर विभाग की टीम तैनात है। यह टीम सड़क पर जहां भी कोई गौवंश विचरण करता दिखाई देता है तो उसे ही गाड़ी के जरिए संबंधित क्षेत्र के को आश्रय स्थलों पर भेज दिया जाता है। गाजियाबाद जिले में कुल 22 को आश्रय स्थल है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी है जाएगा।

# काशी से जाएंगे यज्ञ उपकरण, पूजन पात्र व सामग्री, वैदिक विधि से निर्माण कर रहे कारीगर

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि निकट आने के साथ पूरा देश श्रीराममय होता जा रहा लेकिन भगवान राम के ईष्ट शिव की नगरी काशी तैयारियों में विशेष रूप से जुटी है। काशी के ज्योतिषी, विद्वान, कर्मकांडी याज्ञिक के साथ ही कुंड निर्माण विशेषज्ञ व पूजन पात्रों व यज्ञ उपकरणों के निर्माता भी इसमें तन-मन से जुटे हैं। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के सभी यज्ञ उपकरण, पूजन पात्र, समिधा सामग्रियां, जप के लिए रुद्राक्ष मालाएं, आदि काशी से ही जा रही हैं।




## रामलला, शबरी और निषादराज पर डाक टिकट जारी होंगे

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी राम लला, शबरी और निषादराज के डाक टिकट भी जारी करेंगे। इनकी कीमत 50 रुपए होगी। प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने यह जानकारी दी है। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को पीएम ने रामजन्मभूमि का डाक टिकट जारी किया था। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम एक घंटे चलेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास मौजूद रहेंगे। ट्रस्ट की तरफ से भेजे गए निमंत्रण कार्ड में प्राण प्रतिष्ठा का वक्त 11:30 से 12:30 दिया गया है। शुभ मुहूर्त 12:20 बजे का है। 12 बजकर 29 मिनट पर पीएम राम लला को दर्पण दिखाएंगे। रहेगी। निमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड भी ले जाना होगा।

### आमंत्रण पत्र के साथ आधार दिखाना होगा


सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम में अतिथियों को 11 बजे के पहले अपने स्थान पर बैठना होगा। अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड भी दिखाना होगा। उनका सामान, मोबाइल और बैग रखने के लिए 12 हजार लॉकर भी बनाए गए हैं। प्रवेश स्थान पर आमंत्रित अतिथियों के फोन, कैमरा, जूते-चप्पल के सुरक्षित रखने की व्यवस्था रहेगी। बाहर आते समय यह सारा सामान उसी स्थान पर वापस मिलेगा। कार्यक्रम स्थल पर बैठने के स्थान पर ही अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था रहेगी।

### रामापुरा में बन रहे यज्ञ के विशिष्ट उपकरण



रामापुरा में चार पीढ़ियों से यज्ञ उपकरण बनाने वाले भैयालाल विश्वकर्मा अपने पुत्र सूरज विश्वकर्मा के साथ दिन-रात काष्ठ के यज्ञ उपकरणों को तैयार करने में जुटे हैं। सूची, सुरवा, प्रणिता, प्रोक्षणी, खड्ग आदि यज्ञ पात्र 10 सेट में तैयार किए जा रहे हैं तो अरणी मंथन एक सेट व यज्ञ मंडप के चारों कोनों पर लगाए जाने वाले भगवान विष्णु के आयुध शंख, चक्र, गदा, पद्म और आठों कोनों पर अभिमंत्रित कर लगाने के लिए काष्ठ कीलें बनाई जा रही हैं। इन उपकरणों को वैदिक विधि से निश्चित नाप-तौल में बनाने में डेढ़ माह से लगे हैं।

### कचौड़ी गली से जाएंगी रुद्राक्ष मालाएं



मंत्रों के जप के लिए रुद्राक्ष मालाएं व गोमुखी रुद्राक्ष के अंतरराष्ट्रीय व्यवसायी अभिषेक मोरोलिया के यहां से अयोध्या जाएंगी। उन्हें जब ट्रस्ट से इन वस्तुओं की खरीद का आर्डर मिला तो उन्होंने इसे भगवान के अनुष्ठान में स्वयं भेंट करने का निर्णय लिया। उन्होंने इंडोनेशियन रुद्राक्ष की 151 मालाएं व पीले रंग के सूती कपड़े की ओम अंकित 151 गोमुखी विशेष रूप से प्रभु काज को भेजने के लिए तैयार कराया है।

### काशीपुरा में तैयार हो रहे कलश, त्रस्टा, झारी



काशीपुरा में यज्ञ पात्रों का निर्माण दिन-रात लालू कसेरा व उनका परिवार अपनी कार्यशाला में कर रहा है। पत्नी सुमन, भांजे शाश्वत व सहयोगी मुन्ना लाल के साथ वे महीने भर से 125-125 की संख्या में जर्मन मेटल के त्रस्टा, झारी, अरघी, श्रृंगी व एक कलश निर्माण में लगे हैं।


### गोला दीनानाथ से जा रही समिधा सामग्री



गोला दीनानाथ के व्यवसायी शंकर लाल सोमानी के यहां से अयोध्या में राम काज के लिए समिधाओं की जड़ी-बूटियां व सूखे मेवे भेजे जा रहे हैं। लगभग 60 किलो सामग्री तौल कर पेटियों में पैक कर दी गई है। व्यवसाय संभाल रहे उनके दोनों पुत्र दीपक सोमानी व रूपक सोमानी ने बताया कि भगवान राम के कार्य के लिए उनका चयन प्रभु की कृपा का चमत्कार ही है।

## खबर संक्षेप

### कोयला कारोबारी की हत्या, गोलियों से भूना



रांची। झारखंड की राजधानी रांची में गुरुवार सुबह एक कोयला कारोबारी हत्या कर दी गई। उन्हें बदमाशों ने गोलियों से भून डाला। पुलिस ने बताया कि कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव (45) जब अपनी कार से जा रहे थे तभी एक अन्य वाहन उनकी गाड़ी के करीब आकर रुका। उसमें हथियारबंद लोग सवार थे। इससे पहले ही अभिषेक कुछ समझ पाते उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से दो बहनों की मौत



बांका। जिले के अमरपुर-बांका मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित अमरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महगामा मोड़ के समीप गुरुवार को एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो पर सवार दो सगी बहनों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में 9 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही अमरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर एवं ऑटो को जब्त कर लिया। दोनों मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया।

## सीएम योगी ने स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए 404 करोड़ दिए, कहा

# 5 करोड़ बच्चों के लिए पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश के स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए पीएमश्री योजना के अंतर्गत 404 करोड़ रुपए आवंटित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 5 करोड़ बच्चों के लिए इस नई योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए गए हैं। इसके तहत 1 से 12वीं क्लास तक अपग्रेड करेंगे।

### पीएम मोदी ने नई शिक्षा नीति की आधारशिला रखी

सीएम योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि जिस समय पूरी दुनिया कोरोना से ग्रस्त थी उस समय देश की 140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ ही नई शिक्षा नीति की आधारशिला रखी और नए विजन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पीएमश्री स्कूल योजना इसी दिशा में एक कदम है। कई बार योजना की घोषणा के बाद काम में समय लगता है लेकिन यहां शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पूरी टीम के साथ आए हैं।

### खास बातें

- पीएमश्री योजना से स्कूलों का होगा आधुनिकीकरण
- 347 करोड़ रुपए की धनराशि का अंतरण किया
- 1 से 12वीं क्लास तक उन्नयन करेंगे स्कूल
- बच्चों को बैग, किताब, स्वेटर और जूते दिए

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए पीएमश्री योजना के अंतर्गत 404 करोड़ रुपए आवंटित किए। इस नई योजना के तहत प्रदेश के 5 करोड़ बच्चों के लिए पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए गए हैं।



### प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों को मिलेंगी सुविधाएं

सीएम योगी ने 404 करोड़ रुपए की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रदेश के पांच करोड़ बच्चों के लिए पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए गए हैं। इसके तहत 1 से 12वीं क्लास तक उन्नयन करेंगे। उन्होंने 'प्रोजेक्ट अलंकार' के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन हेतु 347 करोड़ रुपए की धनराशि का अंतरण किया। साथ ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत समूह 'ख' के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया।

**96 प्रतिशत विद्यालयों को अपग्रेड किया**

योगी ने कहा कि यह हमेशा ही सवाल रहा है कि गरीब का बच्चा जहां पढ़ता है वहां सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिविटी नहीं है। पहले विद्यालय बंद होने के कगार पर थे। हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा पढ़ लिख ले। आज यूपी में बेसिक के 96 प्रतिशत विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में अपग्रेड किया गया है। क्लास, शौचालय, लैब और स्मार्ट क्लास बनवाई गई है।

### शिक्षा मंत्री बोले, दुनिया राममय है



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ के कारण प्रभु श्रीराम के दिव्य भव्य मंदिर के लोकार्पण की घड़ी आ गई है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। यूपी इसका केंद्र बिंदु है। दुनिया राममय है। उन्होंने कहा कि मैं सीएम योगी को नई शिक्षा नीति और ऑपरेशन कायाकल्प हूबहू लागू करने के लिए बधाई देता हूं।

### यूपी के बिना विकसित भारत की संकल्पना संभव नहीं

शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में 26 करोड़ बच्चे पढ़ते हैं। इसमें से लगभग 18 प्रतिशत मतलब 4 करोड़ यूपी के हैं। बिना यूपी के विकसित भारत की संकल्पना संभव नहीं है। 2016 में पीएम उज्ज्वला योजना का पायलट बलिया में किया था। 30 पीएम 10 करोड़ लाभार्थी मीरा की पीएम ने चाय पी है। पौने 2 करोड़ लाभार्थी यूपी के हैं।

## अमित शाह से मुलाकात के बाद राजभर का दावा

# 14 जनवरी के बाद होगा यूपी मंत्रिमंडल का विस्तार



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

ससुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के बाद राजभर ने दावा किया है कि 14 जनवरी यानि खरमास के बाद मंत्रिमंडल विस्तार होगा। राजभर ने बताया कि मुलाकात में यूपी और बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, लोकसभा चुनाव की तैयारियों सहित भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने के लिए प्रस्ताव यथा शीघ्र यूपी सरकार से दिल्ली सरकार को रिपोर्ट मंगाने पर चर्चा हुई। इसके साथ बंजारा जाति के सामाजिक समस्याओं पर चर्चा हुई।

### 22 दिसंबर को योगी से मिले थे राजभर

शाह से दिल्ली में मुलाकात से पहले सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने 22 दिसंबर शुक्रवार को सीएम योगी से मुलाकात की। इस दौरान ओपी राजभर के बेटे और पार्टी के महासचिव अरविंद राजभर भी उनके साथ रहे। राजभर ने सीएम योगी से मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही कई मुद्दों पर चर्चा की है। मुलाकात के बाद राजभर के खिले चेहरे को देखा कर चर्चा शुरू हो गई है कि सीएम योगी की तरफ से भी हरी झंडी मिल गई है। मुलाकात के राजभर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था।

### शाह और राजभर करेंगे रैलियां

ओपी राजभर ने बताया कि यूपी की तरह बिहार में भी राजभर एनडीए का हिस्सा होंगे। अमित शाह और नड्डा राजभर के साथ बिहार में दो बड़ी रैलियां करेंगे। हालांकि राजभर पहले भी दावा कर चुके हैं। उन्होंने इससे पहले कहा था कि विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के बाद प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार की रूपरेखा तय होगी। मंत्री कौन बनेगा इन नामों पर कमोवेश सहमति बन चुकी है। बताया गया था कि विस्तार में ओम प्रकाश राजभर का मंत्री बनना तय है। दारा सिंह चौहान और एक-दो और चेहरे भी मंत्रिमंडल का हिस्सा बन सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### लाइफ जैकेट...

लगाई और गहरे पानी के अंदर स्नॉर्कलिंग की। मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र किनारे अपना समय बिताया। उन्होंने बीच पर शांति और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। उन्होंने समुद्र किनारे मॉर्निंग वॉक किया, जिससे लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति संदेश देता है। लक्षद्वीप की सुंदरता दिखाने के अलावा पीएम मोदी ने वहां के लोगों से मुलाकात की। पीएम ने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करके अच्छा लगा। उन्होंने वहां के लोगों से बेहतर स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण, बेहतर कृषि पद्धतियों समेत अन्य चीजों पर बात की।

### मैं भ्रष्ट तो पैसे...

भ्रष्टाचार वाकई हुआ है तो इतने पैसे आखिरी गए कहां? क्या सारा पैसा हवा में गायब हो गया। किसी तरह का कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। ऐसे फर्जी केस में आप के कई नेताओं को इन्होंने अभी तक जेल में रखा हुआ है। केजरीवाल ने आगे कहा कि खुले आम गुंडागर्दी चल रही है। किसी को भी पकड़ कर जेल में डाल दो। अब भाजपा मुझे गिरफ्तार करना चाहती है। मेरी सबसे बड़ी ताकत मेरी ईमानदारी है।

### मोहल्ला क्लीनिक...

पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट किए गए हैं। इससे पहले एलजी ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में कुछ जीवन रक्षक दवाओं सहित गैर-मानक दवाओं की खरीद और आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

### वाह...240 मिनट...

है। 240 मिनट में किसी ने अगर 533 मरीज देख लिए, इसका मतलब आधे मिनट में एक मरीज देखा गया है। इतने में तो आदमी मंदिर में दर्शन नहीं कर पाता है। जितने समय में डॉक्टर ने रोग को समझकर उसका निदान-समाधान सब लिख दिया। ये ईमानदारी का नया किरदार है।

### मोदी के नेतृत्व...

हो या फिर सांस्कृतिक रूप से। ये लेख फुडन यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक झांग जियाडोंग द्वारा लिखा गया था।

### तल्ख रिश्तों के बीच...

कई जगहों पर वर्टिकल ड्रिलिंग देखी गई थी, यानी कि गहरे गड्ढे हैं। जानकारी मिल रही है कि नए तरह के परमाणु हथियार तैयार करने के लिए चीन गुपचुप तरीके से इसे अंजाम दे रहा है।

### मंदिर की हर मंजिल...

250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी। मंदिर का निर्माण तीन मंजिला किया जा रहा है। हालांकि प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान केवल एक मंजिल तक ही निर्माण पूर्ण हो पाएगा। बकाया अन्य दो मंजिल का निर्माण इस साल के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है। मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व दिशा की तरफ होगा। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार होंगे। मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा। इसके साथ ही मंदिर में 5 मंडप होंगे। जोकि नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप के नाम से जाने जाएंगे। मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परम्परानुसार व स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। पर्यावरण-जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुल 70 एकड़ क्षेत्र में 70% क्षेत्र सदा हरित रहेगा।

### मंदिर में प्रवेश पूर्व...

होगी। परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा, व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा। इसके साथ ही मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा। मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व ऋषि पत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे। दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीला पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है एवं तथा वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है।

## आईएमटी खरखौदा को गुरुग्राम की तर्ज पर विकसित करेंगे : मुख्यमंत्री

# यूनो मिंडा लिमिटेड लगाएगी लगभग 1100 करोड़ रुपये का मेगा प्रोजेक्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों से हरियाणा निरंतर औद्योगिक विकास की ओर अग्रसर है। सरकार द्वारा निवेशकों को दिए जा रहे विभिन्न प्रोत्साहनों व रियायतों के चलते देश – विदेश के निवेशक हरियाणा की ओर रुख कर रहे हैं। गुरुग्राम के बाद अब आईएमटी खरखौदा भी औद्योगिक विकास की दृष्टि से विकसित होने जा रहा है। खरखौदा में मारुति सुजुकी के मेगा प्लांट के बाद अब यूनो मिंडा लिमिटेड भी लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपना मेगा प्रोजेक्ट लगाएगी, जिससे इस क्षेत्र का और अधिक विकास होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं हुई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की 16 वीं बैठक के दौरान यूनो मिंडा लिमिटेड को मेगा प्रोजेक्ट के लिए लगभग 94.32 एकड़ भूमि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, सुजुकी मोटरसाईकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी आईएमटी खरखौदा में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ मेगा प्लांट लाने के लिए प्रस्ताव दिया है।

### यहां- यहां होगा निवेश

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक
- आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए लगेगा केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट
- मेसर्ज यू फ्लैक्स लिमिटेड करेगी लगभग 600 करोड़ का निवेश करेगी
- आईएमटी रोहतक में मारुति सुजुकी 100 एकड़ में और बढ़ाएगी आर एंड डी



चंडीगढ़। हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

बैठक में जानकारी दी गई कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित हरियाणा उद्यम एवं प्रोत्साहन नीति, 2020 के तहत निवेशकों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की क्लीयरेंस दी जा रही हैं, जिससे हर निवेशक का विश्वास हरियाणा के प्रति बढ़ा है। इसी कड़ी में आइओसीएल पानीपत के निकट पॉलिस्टर चिप्स उत्पादन के लिए केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स का मेगा प्लांट लगने जा रहा है। इसक लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआइआइडीसी) द्वारा यू फ्लैक्स लिमिटेड को आइओसीएल पानीपत रिफाइनरी के पास 14 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी द्वारा प्रदेश में लगभग 600 करोड़ रुपये का निवेश होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। पानीपत में प्लांट स्थापित करने से कंपनी को जहां एक ओर कच्चे माल की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित होगी वहीं सरकार को भी राजस्व के नाते भी लाभ होगा।बैठक में बताया गया कि आईएमटी रोहतक में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) को आवंटित 700 एकड़ भूमि में से 600 एकड़ में भूमि पर एमएसआईएल लगभग 3600 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) गतिविधियां पहले से ही संचालित कर रहा है, जिससे लगभग 3400 लोगों को रोजगार मिला है। अब एमएसआईएल ने अपनी इसी यूनिट के विस्तार हेतु शेष 100 एकड़ जमीन को भी लेने की इच्छा व्यक्त की है।



रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *



### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक



**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

### बूझो तो जानें



1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।



3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।


4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।

-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

### जीके क्विज-86



1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड


**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी



सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्स्ट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *


### रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

### रंग भरो 142




बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

### सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।






उत्तर : ई

# तीन दिन प्लास्टिक मुक्त वातावरण में रहेंगे विद्याभारती के 1500 से अधिक समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्याभारती द्वारा संचालित मध्यभारत प्रांत के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों की प्रबंध समितियों का तीन दिवसीय समागम शारदा विहार आवासीय विद्यालय परसिर में आयोजित होगा। 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले मध्यभारत प्रांत की नगरीय इकाइयों के 'संकल्प दृष्टि 2024 - समिति समागम' में पूरे प्रांत से 180 समितियों के 1500 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित होंगे।

इस समागम का उद्देश्य मध्य भारत प्रांत के 5 विभागों के सभी 16 जिलों के समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में कार्य के प्रति दायित्व बोध, कुशलता, समझदारी एवं सक्रियता बढ़ाना है। तीन दिन चलने वाला यह आयोजन पूरी तरह से ईको फ्रेंडली एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण में होगा। इसकी व्यवस्थाओं के लिए शारदा विहार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने कहा कि हमें उत्साह पूर्वक आने वाले अतिथियों का स्वागत, सम्मान करना है, उत्कृष्ट कार्य से समिति समागम सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा।

## पूरे प्रांत की 180 समितियों से सम्मिलित होंगे सदस्य

'संकल्प दृष्टि 2024' का आयोजन 12, 13 और 14 जनवरी को शारदा विहार में होगा



मंच पर बनेगी अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति, मुख्य द्वार भी अयोध्या धाम जैसा बनेगा

### नवंबर से चल रही थी तैयारी

इस आयोजन के पूर्व नवंबर माह से विद्यालयों की साधारण सभा और प्रबंध समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही थीं। इन बैठकों इन्हीं बैठकों में समिति के सदस्यों का कार्य विभाजन भी किया गया। इसके बाद प्रत्येक समिति की कार्यशाला भी आयोजित की गई। अभी प्रांत में ऐसी बैठकों और कार्यशालाओं का तीसरा चरण चल रहा है।

### पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और प्लास्टिक मुक्त होगा आयोजन

प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने बैठक में कहा कि पर्यावरण के प्रति हमारा पूरा ध्यान है। इसलिए हमारे आयोजन ईको फ्रेंडली और प्लास्टिक मुक्त होते हैं। इस आयोजन को भी बर्तन से लेकर फ्लेक्स तक के मामले में पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और प्लाास्टिक मुक्त रखा जाएगा। प्रदर्शनी, मंच एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए डिजिटल एलईडी और कागज व कपड़े का उपयोग किया जाएगा।

### परिसर में बनाए जाएंगे 6 पंडाल, एक मुख्य सभागार होगा

परिसर में छह विशाल पांडाल बनाए जाएंगे। इनमें से एक मुख्य सभागार होगा। मुख्य सभागार में सामूहिक सत्र एवं रंगमंचीय कार्यक्रम होंगे। वहीं अन्य पांडालों में श्रेणीशः प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं होंगी।

**परंपरागत पंगत से होगी भोजन व्यवस्था**

सभी के ठहरने के लिए आवासीय विद्यालय और प्रवासी विद्यालय में व्यवस्था की जा रही है। मातृशक्ति के लिए अलग से शरद छात्रावास में व्यवस्था की जा रही है। इतनी बड़ी संख्याा में आए सभी कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यावस्था परंपरागत पंगत की तरह होगी।

***8 बेड का अस्थायी अस्पताल बनेगा, पूर्व छात्र डॉक्टर देंगे सेवा***

समागम स्थल पर 8 बेड वाला एक अस्पताल भी बनाया जाएगा। इसमें विद्याभारती के 8 पूर्व छात्र डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। 4 पथ बनाए जाएंगे। इन्हें विद्यापथ, वीरांगना पथ, शिक्षा पथ, राजपथ नाम दिया जाएगा।

---

### जबलपुर को 409 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात के बाद बोले मुख्यमंत्री

# महाकौशल क्षेत्र की होगी तेजी से प्रगति, प्रदेश का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरिडोर जबलपुर में बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में तीव्र प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। संभाग के सभी जिलों में नए उद्योगों से लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त होगा और खुशहाली आएगी। खाद्य प्रसंस्करण, दुग्ध उत्पादन और अन्य संबंधित गतिविधियों से नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। करीब 800 करोड़ रूपए की लागत से एलिवेटेड कॉरीडोर विकसित होगा, जो प्रदेश का सबसे बड़ा कॉरीडोर होगा। महाकौशल क्षेत्र में जनसहयोग से विकास का कारवां आगे बढ़ेगा। प्रगति के कार्य निरंतर चलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को जबलपुर में 409.53 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर रहे थे। इनमें 100.66 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 308.87 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन ग्रामों की तकलीफें दूर की जाएंगी। बरगी डेम के प्रभावित 10 ग्राम के 1414 परिवारों को भू-अभिलेख के पट्टे भी प्रदान किए गए। जबलपुर में 63 एकड़ क्षेत्र में आईटी पार्क बनेगा, इसकी लागत 400 करोड़ रुपए है। इसके अलावा 65 करोड़ रुपए की लागत के गारमेंट और फैशन डिजाइन क्लस्टर का विकास होगा।

आगामी 22 जनवरी को हर गांव और शहर में मनाएंगे दीपावली, मंदिर भी सजेंगे

### जहां-जहां भगवान राम के चरण पड़े हैं, वे स्थान बनेंगे तीर्थः डॉ. मोहन




**अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर विकसित होंगे घाट**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा के 17 घाटों के विकास कार्य भी होंगे। यह घाट अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर बनेंगे। नर्मदा जी पूर्व से पश्चिम की तरफ बहती हैं। मप्र के नागरिक श्रद्धापूर्वक माँ नर्मदा की आरती करते हैं। घाटों के विकास के संबंध में विभिन्न सुझावों पर भी अमल किया जाएगा।

***रानी दुर्गावती सहित वीरांगनाओं की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल होंगी***

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जाबालि ऋषि की धरती जबलपुर देश का मध्य केन्द्र भी है। यह रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम का प्रमाण देने वाली धरती है। यह क्षेत्र रानी अवंती बाई के बलिदान का भी गवाह है। साहसी भारतीय महिलाओं ने सदैव दुनिया के आगे साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया है। रानी दुर्गावती ने अकबर जैसे शासक को युक्ति और बुद्धि से शिकस्त देने के निरंतर प्रयास किए। वे आखिरी सांस तक लड़ती रहीं।*

### *विकास कार्यों से प्रदेश का कोई कोना नहीं छूटना चाहिए : शर्मा*

प्रदेश अध्यक्ष ने 'जन आभार यात्रा' में शामिल होकर कार्यक्रम को किया संबोधित



**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा बुधवार को जबलपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ जन आभार यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा क्लचुरी होटल से प्रारंभ हुई। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान इसी गैरिसन ग्राउंड में मैं आया था और आप लोगों के समक्ष कहा था कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव में सरकार बनाएगी। विकास कार्यों से प्रदेश का कोई कोना नहीं छूटना चाहिए। प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि गतिमान भारत के नारे के साथ मतेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्षों से महाकौशल की उपेक्षा होती आ रही है, लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से महाकौशल का विकास शुरू हुआ है।

**» आज ग्वालियर संभाग की समीक्षा करेंगे सीएम**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को ग्वालियर संभाग की समीक्षा करेंगे। वे दोपहर में भोपाल से ग्वालिया जाएंगे। इसके बाद वे लगातार तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3.25 बजे गौशाला लाल टपारा गायत्री नगर का उद्घाटन करेंगे। शाम 4.30 बजे ग्वालियर व्यापार मेले का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद शाम 5.15 बजे जन आभार यात्रा में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम वे ग्वालियर में ही करेंगे।

---

### *कलेक्टर ने निरीक्षण किया, बोले, रेडक्रॉस से होगी फंड की व्यवस्था*

# आसरा के बुजुर्गों को मिला ई-रिक्शा, कलेक्टर देंगे एक माह का राशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद के आसरा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के लिए ई रिक्शा दिया जाएगा। इसके साथ अगले एक माह का राशन कलेक्टर आशीष सिंह रेडक्रास के फंड से देंगे। वृद्धाश्रम को ईरिक्शा मिलने से बुजुर्गों को अस्पताल सहित अन्य जगहों पर आने-जाने में आसानी रहेगी।

दरअसल, बुधवार को कलेक्टर सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक आरके सिंह के साथ आसरा वृद्धाश्रम पहुंचे थे। कलेक्टर ने आश्रम में पहुंचकर यहां रहने वाले बुजुर्गों से बातचीत भी की। उन्होंने संयुक्त संचालक को हिदायत देते हुए कहा कि वृद्धजनों के लिए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कराएं।

इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने वृद्धाश्रम के लिए ई-रिक्शा, फर्नीचर टेबल, कुर्सी, सोफा की व्यवस्था, वृद्धाश्रम की पुताई कराना, वृद्धजनों के लिए एक महीने का राशन और वेतन रेडक्रास से देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान आसरा वृद्धाश्रम के सचिव दयाराम नामदेव मौजूद रहे।

---

### बोले-चाहे जब आइए, हमेशा खुला है दरवाजा

# शिवराज ने अपने बंगले का नाम रखा 'मामा का घर'

बहनों-भांजियों का दुख दूर करने हुआ जन्म




विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद से शिवराज सिंह चौहान की पीड़ा बार-बार छलक कर बाहर आ रही है। अब उन्होंने अपने नए आवास बी-8, 74 बंगले का नाम 'मामा का घर' रख दिया है। उन्होंने बहनों, भांजे-भांजियों को संबोधित करते हुए एक्स पर लिखा कि 'पता बदल गया है, लेकिन 'मामा का घर' तो मामा का घर है। आपसे भैया और मामा की तरह ही जुड़ा रहूंगा। मेरे घर के दरवाजे सदैव आपके लिए खुले रहेंगे।'

उन्होंने आगे लिखा कि 'आपको जब भी मेरी याद आए या मेरी जरूरत हो तो निःसंकोच घर पधारिए। आखिर यह आपके मामा और भैया का घर जो है।'

**कहीं न कहीं होगा कोई बड़ा उद्देश्य**

अपने विधानसभा क्षेत्र में एक स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि 'कई बार राजतिलक होते-होते वनवास भी हो जाता है। लेकिन वह किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है।'उन्होंने कहा कि 'कहीं न कहीं कोई बड़ा उद्देश्य होगा यार।' शिवराज ने कहा कि लेकिन चिंता मत करना। मेरी जिंदगी आपके लिए है, जनता-जनार्दन के लिए है, बेटा-बेटियों के लिए है, मेरी बहनों के लिए है। इस धरती पर मैं आया ही इसलिए हूं, तुम्हारी जिंदगी से दुख दर्द दूर करने। दिन और रात उसके लिए काम करेंगे। अभी हमारा पता है, बी-8, 74 बंगला; उसका नाम हमने रख दिया, 'मामा का घर'।

---

### अधिसूचना जारी

## छत्तीसगढ़ सरकार का बजट सत्र 5 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की साय सरकार का बजट सत्र 5 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह एक मार्च तक प्रस्तावित है। इसमें कुल 20 बैठकें होंगी। इसे लेकर विधानसभा सचिवालय ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। बजट सत्र के कार्यक्रम के मुताबिक, सत्र की शुरुआत राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के भाषण से होगी। उसी दिन सरकार राज्यपाल के ज्ञापन पर कृतज्ञता जताने का प्रस्ताव लेकर आएगी। अगले दिनों से उस पर चर्चा होनी है। सत्र के दौरान ही वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस दौरान छत्तीसगढ़ को कई सौगातें मिल सकती हैं। चुनावी घोषणाओं 'मोदी की गारंटी' को लेकर बड़ी योजनाएं आ सकती हैं।




■ 1 मार्च तक चलने वाले सत्र में होंगी 20 बैठकें

---

### मंत्री बृजमोहन ने अफसरों को दिए निर्देश

# छत्तीसगढ़ में 12वीं तक स्टूडेंट्स को मिलेंगी फ्री बुक्स, युवाओं को मिलेगी मुफ्त कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 9वीं क्लास के सभी बच्चों को सरकार साइकिल देने जा रही है। वहीं 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को फ्री बुक्स और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग मिलेगी। वहीं राजिम कुंभ मेला भव्य रूप में होगा और पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा। महानदी भवन मंत्रालय में शिक्षा और धार्मिक, पर्यटन, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार देर रात तक करीब 6 घंटे तक अफसरों की बैठक ली। उन्होंने अपने विभाग के अफसरों से जानकारी ली और आइडिया पर डिस्कशन किया। कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स भी शुरू करने की बात कही गई है।



**सेटअप रिवीजन करने के निर्देश दिए**

विश्वविद्यालयों के ग्रेडिंग सुधारने, रिक्त पदों को भरने, कॉमर्स और विज्ञान संकाय को बढ़ावा देने की योजना बनेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएसआर के तहत कॉलेजों के लिए फंड जुटाएं और बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करें।धन के अभाव में जो विद्यार्थी कॉलेज नहीं आ पाते हैं उन्हें सरकार बस का किराया या पास उपलब्ध कराएगी, अफसर इसकी स्कीम

**भव्य तरीके से होगा राजिम कुंभ मेला**

राजिम मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की बात कही है। मंत्री बृजमोहन ने अधिकारियों को राज्य के मेला महोत्सव को बढ़ावा देने के निर्देश भी जारी किए हैं, ताकि उन्हें पर्यटन की तर्ज पर बढ़ावा मिल सके। उन्होंने पर्यटन के प्रचार-प्रसार और विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

**लोगों को अयोध्या ले जाने की तैयारी**

भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल 'प्रदेशवासियों को श्री रामलला दर्शन' को लेकर अधिकारियों को निश्चित कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया है। इसे लेकर आईआरसीटीसी और बस ट्रांसपोर्ट्स, होटल मैनेजमेंट सहित राम वन गमन परिपथ योजना पर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**भर्ती प्रक्रिया में कोताही बर्दाश्त नहीं**

अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारा मकसद है। विभागों की भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी बनाएं। किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही होगी।

**शिमला-मनाली का मजा इन जगहों पर**

मैनपाट जैसे हिल स्टेशन वाले शहरों में शिमला, मनाली के तर्ज पर मॉल रोड बनेगी। सरगुजा के रामगढ़ और चैतुरगढ़ जैसे स्थानों का विकास हिल स्टेशन के रूप में होगा। सिरपुर वर्ल्ड हैरिटेज साइट में होगा शामिल रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाएगा। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन में राज्य की छवि को बेहतर बनाने के लिए 'छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग सेल' की स्थापना होगी।

**उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मिले ये निर्देश**

- राज्य के पूर्व स्थापित 100 कॉलेजों में अंग्रेजी माध्यम के सेक्शन खोलने की कार्ययोजना बनाने के दिए गए निर्देश
- उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी फाइलें अपने पास 7 दिन से अधिक नही रोक सकेंगे वरना कार्रवाई होगी।
- रिक्त पदों के लिए भी 7 दिनों के भीतर भर्ती नियम बनाने के दिए निर्देश

---

### दिल्ली में हुई बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रोड मैप तय

# छत्तीसगढ़ में 536 किमी की होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायगढ़, अंबिकापुर समेत 7 जिले कवर करेंगे राहुल गांधी

प्रदेश में पांच दिन यात्रा करेंगे राहुल, ओडिशा से रायगढ़ में करेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रोड मैप तय हो गया है। मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा छत्तीसगढ़ से भी होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 5 दिन प्रदेश में यात्रा करेंगे। इन 5 दिनों में वो 7 जिलों और 5 लोकसभा सीटों को कवर करेंगे। इसमें वे हसदेव भी जाएंगे। यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से हो रही है। राहुल इस बार कुल 67 दिन यात्रा करेंगे। इस दौरान 110 जिले, 100 लोकसभा और 337 विधानसभा सीटों को कवर करेंगे। इससे पहले उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी।



**इन जिलों से गुजरेगी यात्रा**

यह यात्रा लगभग 1 महीने बाद छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर सकती है। 18 फरवरी के आसपास ये यात्रा रायगढ़ से प्रदेश में प्रवेश करेगी। 5 दिनों तक चलने वाली यात्रा में बलरामपुर होते हुए राहुल सोनभद्र से उप्र में प्रवेश करेंगे। राहुल गांधी की यात्रा ओडिशा से होते हुए रायगढ़ में प्रवेश करेगी। रायगढ़, सक्ती, जांजगीर-चांपा, कोरबा, अंबिकापुर, सूरजपुर और बलरामपुर ये वो 7 जिलें हैं जहां से यात्रा के गुजर सकती है।

**छग की पांच लोकसभा सीट से गुजरेगी, हसदेव भी जा सकते हैं**

राहुल की यात्रा लोकसभा से ठीक पहले हो रही है। ऐसे में यात्रा का फोकस है कि ज्यादा से ज्यादा लोकसभा की सीटों को कवर किया जाए। छत्तीसगढ़ की रायगढ़, जांजगीर, कोरबा और सरगुजा लोकसभा सीटों से यह यात्रा गुजर सकती है। वहीं देश भर में 100 लोकसभा सीटों पर राहुल यात्रा करने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी हसदेव भी जा सकते हैं।

---

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. को गवर्नमेंट इंडिया पीएसयू आईटी फोरम 2023 अवॉर्ड

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के तहत आने वाले 16 जिलों में सतर्कता जाँच गतिविधियों के संचालन में स्व-निर्मित एवं विकसित तकनीकी माध्यम डिजिटल पंचनामा एवं बिलिंग को वृहद स्तर पर तैयार कर सफलतापूर्वक लागू करने पर आईटी इनोवेशन के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आठवें 'गवर्नमेंट इंडिया पीएसयू आई.टी. फोरम-2023 अवार्ड' से पुरस्कृत किया गया है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्याः 128-डब्लयू/269/ निविदा सूचना/23-24/ डब्लयू.ई/टेंडर नं. 40 (ए, बी) दिनांक 03.01.2024

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 30.01.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा/हॉर्ट/नई दिल्ली के कार्य क्षेत्र में गर्मी के दौरान टैंकर के माध्यम से पोर्टेबल पानी की आपूर्ति हेतु। | |
| | (बी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-II एवं सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III कार्य क्षेत्र में जल टैंकरों के माध्यम से पोर्टेबल जल की आपूर्ति हेतु। | |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 3499658.76 | (बी) रुपये 14899852.5 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 70000.00 | (बी) रुपये 224500.00 |
| समापन अवधि | (ए) 12 महीने | (बी) 12 महीने |

1. निविदा दिनांक 30.01.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

41/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# विश्वास के नए शिखर पर भारत-नेपाल संबंध

विदेश मंत्री एस जयशंकर की काठमांडू यात्रा भारत व नेपाल के संबंधों को नई ऊंचाई प्रदान करेगी। भारत व नेपाल के संबंध प्राचीन काल से प्रगाढ़ रहे हैं। जयशंकर नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' से मिले। इस दौरान दोनों पक्षों ने सदियों पुराने, विशिष्ट तथा बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया है। नेपाल, भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत उसका महत्वपूर्ण साझेदार है। नेपाल में चीनी हस्तक्षेप के चलते पूर्व नेपाली पीएम केपी ओली के समय भारत से खट्टे हुए संबंध प्रचंड के पीएम बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर पिछले साल 31 मई से 3 जून तक भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसी मुल्कों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। एस जयशंकर की इस दो दिनी यात्रा के दौरान भारत और नेपाल ने 4 जनवरी को एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत अगले 10 वर्षों में भारत को 10,000 मेगावाट बिजली के निर्यात की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बिजली निर्यात पर सहमति बनी थी। भारत सीमित मात्रा में नेपाल से बिजली खरीदता रहा है। भारत नेपाल को 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति भी करता है। 1987 में गठित भारत-नेपाल संयुक्त आयोग दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है। जयशंकर का यह दौरा इसी सिलसिले में है। भारत और नेपाल एक खुली सीमा साझा करते हैं तथा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि, दोनों के संबंधों का आधार है। इस संधि के तहत नेपाली नागरिकों को भारतीय नागरिकों के समान ही सुविधाएं और अवसर प्रदान किये गए हैं। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में नेपाल से सैनिकों की भर्ती की जाती है, वर्तमान में नेपाल से लगभग 32,000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना में सेवारत हैं। लगभग 80 लाख नेपाली नागरिक भारत में निवास और कार्य करते हैं। भारत, सैन्य उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करके नेपाली सेना को आधुनिकीकरण करने में सहायता कर रहा है। दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास में भी संलग्न हैं। भारत ने बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, जल संसाधन, शिक्षा और ग्रामीण विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान करके नेपाल के विकास में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई है। भारत ने सड़कों और रेल लिंक सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर नेपाल का सहयोग किया है। जल संसाधन, ऊर्जा और व्यापार में सहयोग भी आपसी संबंधों को मज़बूत कर रहा है। एक शानदार अतीत के बावजूद भारत-नेपाल संबंधों में कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत-नेपाल सीमा पर कालापानी जैसे कुछ क्षेत्र अनसुलझे हैं। नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है, जबकि ये क्षेत्र ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के समय से ही भारत का हिस्सा हैं। वर्ष 2019 में नेपाल ने उत्तराखंड के कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख और सुस्ता (पश्चिम चंपारण जिला, बिहार) के क्षेत्र को नेपाल के क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करते हुए एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था। चीनी प्रोपेगैंडा के चलते भारत के प्रति नेपाल के विश्वास में कमी आई है। विदेश मंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध विश्वास के नए शिखर पर पहुंचेगी।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# राम को लेकर ऊहापोह में क्यों कांग्रेस

> स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। कांग्रेस ने अपने वोट बैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। कांग्रेस के पास वोट बैंक बनाने को लेकर न कोई ठोस योजना नजर आई, न ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा है।

कोई शक नहीं है कि 22 जनवरी 2024 की तारीख देश के सांस्कृतिक क्षितिज पर नई इबारत दर्ज करने जा रही है। राम मंदिर को लेकर जारी आंदोलन की परिणति देश और दुनिया देख रही है। इसी आधार पर यह मानने से गुरेज नहीं है कि जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को वामपंथी इतिहासकार नकारते रहे हैं, अयोध्या में रामलला की मूर्ति की स्थापना के साथ वह मूर्त रूप लेने की ओर अग्रसर है। इस पर भी संशय नहीं है कि अयोध्या में भगवान राम की चिर प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की राजनीति भी बदलने जा रही है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी को इससे जुड़ी राजनीति को लेकर संशय है। राम मंदिर न्यास ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन के लिए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को बाकायदा निमंत्रित कर रखा है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अब तक फैसला तक नहीं ले पाया है कि उसे इस समारोह में शामिल होना चाहिए या उसे सिरे से नकार देना चाहिए।

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लुभाने के लिए कांग्रेस ने जो राजनीति शुरू की, शायद वही वजह है कि कांग्रेस ना तो राम मंदिर को स्वीकार कर पा रही है और न ही उसे खुलकर नकार पा रही है। राम मंदिर का ताला खोलने के अलावा कांग्रेस की जितनी भी कोशिशें रही हैं, वे राम मंदिर के विरोध में रही हैं। अलबत्ता इस विरोध के लिए वह राजनीति को धर्म से अलग करने का तर्क देती रही है, लेकिन जब संदर्भ अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लेकर आता रहा है तो सेकुलरवाद के नाम पर अल्पसंख्यक समुदाय के धर्म आधारित राजनीति को तवज्जो देने से वह कभी नहीं हिचकी। अल्पसंख्यकवाद की उसकी राजनीति का एक रूप मनमोहन सिंह के बयान के रूप में देश देख और सुन चुका है। प्रधानमंत्री रहते मनमोहन सिंह कहने में नहीं हिचके थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है।

कांग्रेस ने आजादी के बाद अपने वोटबैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। राम मंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस की बजाय भाजपा से दो-दो हाथ करते नजर आए स्थानीय दलों मसलन समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया। राम मंदिर आंदोलन के उभार के वक्त कांग्रेस ऊहापोह में रही। राष्ट्रीय दल होने के नाते उसे अल्पसंख्यक केंद्रित राजनीति की सीमा का भान था।



इसीलिए वह राम मंदिर के खिलाफ वैसा कड़क स्टैंड नहीं ले पाई, जैसा मजबूरी या मौके पर चौका मारने की नीयत से मुलायम और लालू ने लिया। इसलिए ये दोनों नेता अपने-अपने राज्यों में अल्पसंख्यकों के चहेते बन गए। इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को ही हुआ। उसका पारंपरिक अल्पसंख्यक वोट बैंक हाथ से निकल गया। झीने आवरण में जारी उसके अल्पसंख्यकवाद की पोल राम मंदिर आंदोलन ने खोल दी तो उसका पारंपरिक सवर्ण विशेषकर ब्राह्मण वोट बैंक भी साथ छोड़ गया। उन्हीं दिनों दलितों के नए रहनुमा भी उभर आए तो दलितों ने भी कांग्रेस को टा-टा बाय-बाय दिया।

अव्वल तो कांग्रेस को उसी वक्त ऊहापोह से निकल कर मजबूत राजनीतिक रुख अख्तियार करना चाहिए था। कांग्रेस हमेशा अधूरे मन के साथ कभी अल्पसंख्यकवाद को मजबूत करने की ओर बढ़ती रही तो कभी सवर्णों को साधने की दिशा में आगे बढ़ी। उसके पास ठोस वोट बैंक बनाने को लेकर ना तो कोई ठोस योजना नजर आई, ना ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा दिखा। जब कभी राहुल कुर्ते के ऊपर से जनेऊ पहनकर मंदिर-मंदिर माथा टेकते नजर आए तो कभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए बहुसंख्यक वोटरों के हितों को किनारे रखते गए। गुजरात के 2017 के विधानसभा चुनावों में मंदिर-मंदिर माथा टेकना हो या फिर कर्नाटक के 2018 के चुनावों में मंदिरों का दर्शन करना हो या फिर लोकसभा चुनाव के वक्त देश के कथित सेकुलर रूप को बचाने का दावा हो, राहुल वाली कांग्रेस हर बार ऊहापोह में नजर आई।

यही ऊहापोह रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त भी दिख रहा है। इसकी मोटी वजह यह है कि कांग्रेस समझ नहीं पा रही है कि उसे राम का साथ देना चाहिए या नहीं। इसकी बड़ी वजह है कि बीते कर्नाटक चुनाव से कांग्रेस के पाले में अल्पसंख्यक वोट बैंक थोक के भाव से लौट रहा है। इसका असर तेलंगाना में भी दिखा। कांग्रेस को यह भ्रम हो गया है कि उत्तर प्रदेश का नौ प्रतिशत और बिहार का 14 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसकी ओर लौट रहा है। कांग्रेस को लगता है कि असम का मुस्लिम वोटर भी उसी के पास लौटेगा। हालांकि आनुपातिक रूप से सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट बैंक की हिस्सेदारी वाले पश्चिम बंगाल राज्य में कांग्रेस की स्थिति खास मजबूत नजर नहीं आ रही। वहां के मुस्लिम वोटरों की पहली पसंद अब भी ममता बनर्जी ही हैं। कांग्रेस को ऊहापोह में रखने में राहुल व प्रियंका के वामपंथी सलाहकार मंडल की राय भी है। हिंदुत्ववादी राजनीति के संदर्भ से वामपंथी सोच को सदा से परहेज रहा है, हालांकि अल्पसंख्यक राजनीति को लेकर उसकी धर्म केंद्रित राजनीति के विरोध का विचार पता नहीं कहां तिरोहित हो जाता है। राहुल और प्रियंका की वामपंथी सलाहकार मंडली भी इसी राय की है। इसलिए वह रामलला के विग्रह के प्राणप्रतिष्ठा समारोह से कांग्रेस को शायद दूर रहने की सलाह दे रही है। राममंदिर को लेकर अतीत में कांग्रेस और उसके कद्दावर नेताओं ने ऐसी गलतियां की हैं, जिनकी वजह से बहुसंख्यक वोटरों के बड़े हिस्से में नाराजगी रही। वर्ष 2012 में जयराम रमेश यह कहने से नहीं हिचके थे कि राम मंदिर से कहीं ज्यादा पवित्र शौचालय है। इन दिनों उनका यह बयान चर्चा में है और कांग्रेस को सफाई देनी पड़ रही है। ऐसे उल-जलूल बयानों ने कांग्रेस को अक्सर नुकसान पहुंचाया है। राम मंदिर मुद्दे को केंद्रीय राजनीति की धुरी बनते देख लगता है कि कांग्रेस में भी दुविधा बढ़ रही है। अब कांग्रेस के कुछ बाहरी सलाहकार उसे सलाह देने लगे हैं कि अगर कांग्रेस को बने रहना है तो रामंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए। अगर कांग्रेस शुरू से राम मंदिर को लेकर ऊहापोह की बजाय एक संतुलित रुख अख्तियार करती तो सियासी रूप से मजबूत होती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सारा संसार



नटराज मंदिर तमिलनाडु के चिदंबरम के बीच में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव और भगवान विष्णु को समर्पित है। भगवान शिव के तांडव नृत्य की मूर्ती को नटराज नाम दिया गया है जोकि भारत में नृत्य की स्थापना के लिए सबसे खास मानी जाती है।

विकास
संजीव ठाकुर



# नवप्रवर्तन जारी रहे

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं। उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3 प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार ने न सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है, जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। नवप्रवर्तन में बदलाव की शक्ति है।

(लेखक स्तंभकार व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा: आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा: अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा: भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा: तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहा: भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा: आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

### फिटनेस का संकल्प जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में हमें फिट रहने का संदेश दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने कुछ सेलिब्रिटी को भी शामिल किया। इन सेलेब्रिटीज ने अपनी फिटनेस का मंत्र बताया। प्रधानमंत्री ने नववर्ष के संकल्प के लिए कहा कि हमें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का फिट इंडिया का सपना तभी पूरा होगा जब हम ऐसा संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री की इस मुहिम में सबको शामिल होना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है। जो समय पर रात को सोता है, सुबह समय पर उठकर प्रकृति से जुड़ता है, वह सारा दिन अपनी दिनचर्या स्फूर्ति से बिताते हुए अपने हर काम निपटाता है। *-पंकज चतुर्वेदी, सरायपाली*

करंट अफेयर

## चुनाव से बांग्लादेश के भविष्य को खतरा



बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' की विजय पक्की मानी जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण भी साबित हो सकता है। वर्ष 2014 और 2018 के पिछले दो चुनावों के साथ कुछ समानताओं के बावजूद वर्ष 2024 के आम चुनाव के बाद का परिदृश्य अलग होने की संभावना है। अपने लगातार चौथे कार्यकाल में हसीना के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ,दोनों तरह की कठिन चुनौतियां होंगी, जिनका देश के आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक पथ पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2024 के चुनाव की राह साजिश, विपक्ष पर कार्रवाई, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां, हिंसा और राज्य तंत्र के दुरुपयोग से भरी है। यहां तक कि न्यायपालिका भी मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' को मुकाबले से बाहर रखने के लिए सक्रिय हो गई है, लेकिन इसके बावजूद चुनाव को इस तरह पेश किया जा रहा है कि इसमें सभी की सहभागिता है। सवाल यह है कि क्या मतदाता बड़ी संख्या में मतदान करेंगे। जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 2014 में चुनाव का बहिष्कार किया था तो कम मतदान हुआ, जिससे लोकप्रिय जनादेश हासिल करने का अवामी लीग (एएल) का दावा कमजोर हो गया।

ऑफ बीट

## डरे होने पर हम कैसे और क्या सीखते हैं?



हममें से कई लोगों को परिवार के किसी सदस्य, शिक्षक या बॉस द्वारा चिल्लाने या धमकाने की स्पष्ट याद है। इस तरह के डराने वाले अनुभव अक्सर हमारी स्मृति में अंकित हो जाते हैं; भविष्य में उनसे बचने के लिए भयावह घटनाओं को याद रखना आवश्यक है। यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है जो हमारे अस्तित्व को बढ़ावा देती है। डर और स्मृति के बीच यह मजबूत संबंध हमें यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि डर सीखने का एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। हालाँकि, अनुसंधान से पता चलता है कि डर के बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए दीर्घकालिक नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं – और वास्तव में सार्थक तरीकों से सीखना कठिन हो सकता है। जब हम डरे हुए होते हैं तो हम कैसे और क्या सीखते हैं, इस बारे में शोध क्या कहता है, यहां बताया गया है। डर बच्चों की पढ़ाई को कैसे प्रभावित करता है? डर हमें वर्तमान और भविष्य के खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है। यदि बच्चों को ऐसे अनुभवों का सामना करना पड़ता है जो डर पैदा करते हैं, तो वे नए अनुभवों से बचना सीखते हैं – अज्ञात की खोज करने, उसमें शामिल होने और जिज्ञासा के साथ संपर्क करने के विपरीत।

ट्रेंड

### पांच चीज़े बहुत जरूरी



किसी भी देश की ग्रोथ करने के लिए, उन्नति करने के लिए पांच चीज़े बहुत जरूरी है। इनको आप पंचतंत्र कह सकते है। ख़ुशी की बात है की आज के दिन वर्तमान भारत में वह पांचो चीज़े स्थापित है।
**-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### बड़ी उपलब्धि



नामीबिया से लाई गई चीता 'आशा' के तीन शावकों को जन्म देने से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को बसाने के प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह परियोजना पूरे मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।
**-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री**

### समन ग़ैर क़ानूनी



ये मुझे गिरफ़्तार करना चाहते हैं। मेरी सबसे बड़ी सम्पति मेरी ईमानदारी है। ये फर्जी मुक़दमों से मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा है, मेरे वकीलों ने कहा है ये समन ग़ैर क़ानूनी है।
**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### बहुत आभारी हूं



अपनी मिट्टी, अपना देश कैसा भी हो, अपने लिए घर जैसा होता है। जब भी कोई इसे छोड़ कर जाता होगा। उसका दिल इसी तरह का कोई गीत गाता होगा। चल वे वतना. ..फिर मिलेंगे। बैठकर लंबी... बात करेंगे। इस मधुर कृति के लिए बहुत आभारी हूं।
**-शाहरुख खान, अभिनेता**

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सुबह **5.59** बजे लगी आग

**6.20** बजे काबू

**7** दमकल की गाड़ियों ने बुझाई आग



# दिल्ली एम्स में आग

# ऑफिस और दस्तावेज खाक, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एम्स दिल्ली के टीचिंग ब्लॉक में गुरुवार तड़के भयानक आग लग गई है। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पा लिया है। बताया जा रहा है कि एम्स डायरेक्टर का ऑफिस भी आग की चपेट में आ गया था। दमकल की 7 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दिल्ली दमकल विभाग ने बताया कि एम्स दिल्ली के टीचिंग ब्लॉक में आग लग गई थी। इस आग के कारण टीचिंग ब्लॉक में फर्नीचर और ऑफिस दस्तावेज जलकर खाक हो गए। हालांकि अच्छी बात ये रही है कि इस आग के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

**निदेशक कार्यालय के अंदर सब कुछ जल गया**

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 5.59 बजे एक कॉल आई। 7 दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह 6 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया, आग अस्पताल की दूसरी मंजिल पर शिक्षण ब्लॉक में निदेशक कार्यालय के अंदर लगी थी। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि कुछ फाइलें, कार्यालय रिकॉर्ड, एक रेफ्रिजरेटर और कार्यालय फर्नीचर आग में जल गए।

### पिछले साल ओपीडी ब्लॉक में लगी थी आग

पिछले वर्ष भी पुराने ओपीडी ब्लॉक के दूसरी मंजिल पर आग लगी थी, जिसके कारण इमरजेंसी सेवाएं करीब 24 घंटे प्रभावित रही थीं। इसके अलावा कुछ वर्ष पहले एम्स के एकेडमिक ब्लाक पर भी भयंकर आग लगने से माइक्रोबायोलाजी की लैब भी जल गई थी।

## खबर संक्षेप

### 26 हजार कर्मियों को मिलेगी ओल्ड पेंशन

**मुंबई।** महाराष्ट्र कैबिनेट ने गुरुवार को एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जो नवंबर 2005 के बाद सेवा में शामिल होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों को



पुरानी पेंशन योजना का लाभ उठाने का विकल्प प्रदान करता है। कैबिनेट का यह फैसला सरकारी और अर्ध-सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल पर चले जाने के बाद आया। इनकी मांग थी ओपीएस की बहाली हो। इस पर कर्मियों ने खुशी जाहिर की है।

### रुख साफ, वायनाड सीट से ही लड़ेंगे राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की चर्चा के बीच आखिर सवाल है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहां से चुनाव लड़ेंगे? इस बीच सूत्रों ने बताया कि



वायनाड सीट से फिर राहुल गांधी चुनावी मैदान में उतरेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल सीपीआई ने राहुल से वायनाड सीट छोड़ने को कहा था। इसके पहले सीपीआई का कहना था कि वायनाड सीट लेफ्ट के लिए छोड़ दी जाए।

### महाराष्ट्र की डीजीपी बनी रश्मि शुक्ला

**मुंबई।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को महाराष्ट्र के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया। इस संबंध में महाराष्ट्र के गृह विभाग ने आदेश



जारी कर दिया है। रश्मि1988 बैच के आईपीएस हैं। इससे पहले उन्हें प्रतिनियुक्ति पर सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे पहले वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रजनीश सेठ महाराष्ट्र के डीजीपी थे।

### मोइत्रा को सरकारी घर खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में संसद से निष्कासित करने के आदेश पर रोक लगाने और फरवरी में सुनवाई करने की अपील को ठुकराए जाने के बाद अब



टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को दिल्ली हाईकोर्ट से भी निराशा ही हाथ लगी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरकारी घर को खाली करने के लिए नोटिस के खिलाफ मामले में एस्टेट निदेशालय से संपर्क करना चाहिए।

थीम: 'न्याय यात्रा' से आम चुनाव में कांग्रेस की स्थिति संभले उसकी कोशिश

# 15 राज्य, 100 लोकसभा क्षेत्र, 110 जिलों के 337 विस 6,713 किमी फिर नापेंगे राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी द्वारा 14 जनवरी को इम्फाल से शुरू की जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 15 राज्यों से होकर 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी जिसमें 100 संसदीय क्षेत्र और 110 जिले शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज, गुरुवार को पीसीसी अध्यक्षों, सीएलपी नेताओं और एआईसीसी महासचिवों/राज्यों के प्रभारियों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अन्य वरिष्ठ नेताओं के अलावा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए।

बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में, खड़गे ने याद किया कि कैसे सोनिया गांधी के नेतृत्व में, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने 20 साल पहले 2004 में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को हराया था। उन्होंने कहा, उस समय देश भर के प्रत्येक कार्यकर्ता ने कड़ी मेहनत की थी भाजपा नीत राजग को हराना है और अब समय आ गया है जब कार्यकर्ताओं को एक बार फिर उसी जोश और समर्पण के साथ काम करने की जरूरत है. उन्होंने कहा, 2024 के आम चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उसी समर्पण, प्रतिबद्धता, उत्साह और कड़ी मेहनत का समय आ गया है।



### पहले की तरह जुट जाएं कार्यकर्ता, खरगे का आह्वान

खड़गे ने आम चुनावों से पहले पार्टी द्वारा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदमों को सूचीबद्ध किया, जिसमें 'क्राउड-फंडिंग' भी शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने कहा, महासचिवों और प्रभारियों के कर्तव्यों को अंतिम रूप दिया गया है। आम चुनाव के लिए घोषणापत्र समिति का भी गठन किया गया है। इस बात पर जोर देते हुए कि राजग का अस्तित्व अब केवल नाम के लिए है, खड़गे ने कहा, इसकी तुलना में, भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन, इंडिया एलायंस, देश भर में मजबूत जमीनी स्तर के कैडर वाली पार्टियों के साथ बेहद मजबूती के साथ उभर रहा है।

### खरगे ने साधा पीएम पर निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने पिछले दस साल में एक भी ऐसा काम नहीं किया जिसे मील का पत्थर कहा जा सके। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार का जिक्र करते हुए कहा, अहंकार और झूठ की राजनीति की समाप्ति तिथि होती है। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए एआईसीसी के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव, जयराम रमेश ने कहा कि आज की बैठक के एजेंडे में दो मुद्दे थे, जिसमें 2024 के आम चुनावों की तैयारी और 14 जनवरी से शुरू होने वाली राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शामिल थी। मणिपुर से यात्रा का आगाज होगा जो कि मुंबई में 20 या 21 मार्च तक खत्म होगा।

### इंफाल से मुंबई...ताकि कांग्रेस संभले

जयराम रमेश ने कहा कि इस बात पर सर्वसम्मत राय थी कि भारत जोड़ो यात्रा से जो गति पैदा हुई और भारतीय राजनीति में जो बदलाव आया, उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। 'यात्रा' की थीम 'न्याय' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह संविधान से लिया गया है, जिसकी प्रस्तावना में देश के लोगों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सहित 'न्याय' की मांग की गई है। जयराम रमेश ने कहा, यात्रा 14 जनवरी को इंफाल से शुरू होगी और 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। यह 6,713 किलोमीटर की दूरी ज्यादातर बस से तय करेगी। हालाँकि, राहुल गांधी यात्रा मार्ग के कुछ हिस्सों पर पैदल भी चलेंगे। 15 राज्यों में यह 100 लोकसभा क्षेत्रों और 110 जिलों के 337 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगा।

### संविधान से लिया गया थीम

जयराम रमेश ने कहा, इस बात पर सर्वसम्मत राय थी कि भारत जोड़ो यात्रा से जो गति पैदा हुई और भारतीय राजनीति में जो बदलाव आया, उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। 'यात्रा' की थीम 'न्याय' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह संविधान से लिया गया है, जिसकी प्रस्तावना में देश के लोगों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सहित 'न्याय' की मांग की गई है। जयराम रमेश ने कहा, यात्रा 14 जनवरी को इंफाल से शुरू होगी और 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। यह 6,713 किलोमीटर की दूरी ज्यादातर बस से तय करेगी। राहुल गांधी यात्रा मार्ग के कुछ हिस्सों पर पैदल भी चलेंगे। 15 राज्यों में यह 100 लोकसभा क्षेत्रों और 110 जिलों के 337 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगा।

### सर्वाधिक 11 दिन यूपी में

'न्याय यात्रा' उत्तर प्रदेश में अधिकतम ग्यारह दिन बिताएगी जहां यह 20 जिलों को कवर करते हुए 1, हजार 74 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। 'न्याय-यात्रा' जिन 15 राज्यों को कवर करेगी उनमें मणिपुर, नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं

नौ केंद्रीय मंत्री समेत 68 सांसदों का कार्यकाल पूरा

## राज्यसभा के 68 सदस्य होंगे रिटायर, होड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नईदिल्ली

नौ केंद्रीय मंत्रियों सहित राज्यसभा के 68 सदस्यों का कार्यकाल इस साल पूरा हो रहा है। इसके मद्देनजर संसद के उच्च सदन में छह साल के कार्यकाल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में होड़ शुरू हो गई है। इन 68 रिक्तियों में से दिल्ली की तीन सीटों के लिए पहले ही चुनाव की घोषणा हो चुकी है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता का कार्यकाल 27 जनवरी को पूरा हो रहा है। सिक्किम में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए भी चुनाव की घोषणा की गई है, जहां सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सदस्य हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेताओं का कार्यकाल अप्रैल महीने में पूरा हो रहा है। जिन अन्य सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।



**नड्डा को तलाशनी होगी सीट:** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा अभी हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। लेकिन नामांकन के लिए उन्हें गृह राज्य से बाहरसीट की तलाश करनी होगी।

### यूपी में 10 सीटें होंगी खाली

उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 10 सीट खाली हो रही हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार में 6-6, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 5-5, कर्नाटक और गुजरात में 4-4, ओडिशा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश में 3-3, झारखंड और राजस्थान में 2-2 और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में 1-1 सीट खाली होनी है। चार मनोनीत सदस्य जुलाई में सेवानिवृत्त होंगे।

जिसने की थी मिमिक्री उस पर उपराष्ट्रपति का ऐसा 'दिल'

## बर्थडे पर धनखड़ ने कल्याण को दी बधाई व डिनर पर भी बुलाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बड़ा दिल दिखाते हुए अपनी मिमिक्री करने वाले तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बेनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और परिवार के साथ डिनर पर बुलाया है। कल्याण ने एक्स पर आभार जताया है।



उन्होंने कहा कि धनखड़ ने उन्हें और उनकी पत्नी को दिल्ली में अपने आवास पर रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया है। बेनर्जी ने लिखा कि 'मेरे जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाओं के लिए मैं उपराष्ट्रपति को धन्यवाद देता हूं। मैं इस बात से अभिभूत हूं कि उन्होंने निजी रूप से मेरी पत्नी से टेलीफोन पर बातचीत की।

### मैं तो हजार बार करूंगा मिमिक्री, ये मेरा आधिकार

इससे कुछ दिन पहले टीएमसी नेता ने राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री करके विवाद खड़ा कर दिया था। उस वक्त कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद परिसर के मकर द्वार पर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान निलंबित सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने फोन पर इसको रिकॉर्ड किया था। उस समय टीएमसी सांसद बेनर्जी ने धनखड़ की मिमिक्री को कला का एक रूप करार दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हजारों बार ऐसा करना जारी रखेंगे और उनके पास ऐसा करने का मौलिक अधिकार है।

ज्ञानवापी मामले की सुनवाई

## एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपें? आज होगा फैसला

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब शुक्रवार को फैसला सुनाएगी।



हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने गुरुवार को बताया कि जिला न्यायाधीश एके विश्वेश महामना मदन मोहन मालवीय के जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि साथ ही कचहरी परिसर में एक वकील के निधन पर शोक मनाने की वजह से भी अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी, लिहाजा आदेश के लिए 5 जनवरी की तारीख तय की है।

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में सीतारमण



चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान अन्य लोगों के साथ।

भगवान राम पर विवादित टिप्पणी को लेकर बरपा हंगामा तो आए बैक फुट पर

# आव्हाड ने दी सफाई और बयान पर जताया खेद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र में भगवान राम के नाम पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। गुरुवार को भगवान राम को मांसाहारी बताए जाने पर गुस्सा भड़क उठा। बढ़ते विवाद को देखते हुए शरद पवार वाली एनसीपी के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने सफाई पेश की है। उन्होंने कहा कि उनका किसी की भावनाओं को आहत पहुंचाने का मकसद नहीं था।

जितेंद्र आव्हाड ने कहा, 'आज रामायण पढ़ लीजिए कि क्या लिखा है, आपको साफ हो जाएगा। लेकिन किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। मैं किसी की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहता था। लड़कियां उठाने वाले का नाम भी राम हैं और वो मेरे पर इल्जाम लगा रहे हैं।

### इस पर था विवाद-राम क्षत्रिय थे और खाते थे मांस

### भावना पर ही बात करेंगे

उन्होंने कहा कि 22 तारीख तक किसी लॉजिक पर बात नहीं होगी, भावना पर ही बात होगी। इसलिए मैं खेद व्यक्त करता हूं। उन्होंने अपने



खिलाफ शिकायत दर्ज होने पर कहा कि वह किसी भी एफआईआर से नहीं डरते हैं।

### भाजपा ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

भगवान राम को 'मांसाहारी' बताने वाले बयान को लेकर एनसीपी-शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ भाजपा ने सख्त रुख अपना



लिया है। भाजपा नेता राम कदम ने एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दर्ज करा दी है।

### उधर, हाजी मलंग दरगाह, मंदिर होने का दावा

### *शिंदे बोले-जल्द मुक्त कराएंगे*

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कुछ दिनों पहले ही कहा था कि वे जल्द ही सदियों पुरानी हाजी मलंग दरगाह को मुक्त कराएंगे। दक्षिणपंथी समूह यह दावा करते हैं कि यह दरगाह असल में मंदिर है।



जो समुद्र तल से 3000 फीट ऊपर माथेरान की पहाड़ियों पर मलंगगढ़ किले के पास है। यह दरगाह यमन के 12वीं शताब्दी के सूफी संत हाजी अब्द-उल-रहमान की है। आस-पास रहने वाले लोग इस दरगाह को हाजी मलंग बाबा के नाम से जानते हैं।

आंध्र के सीएम की बहन शर्मिला कांग्रेस में शामिल

## 'पार्टी' के विलय पर जताई खुशी, जिम्मेदारी निभाऊंगी

एजेंसी ▸▸ अमरावती

आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला कांग्रेस में शामिल हो गईं।

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक शर्मिला दिल्ली में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में शामिल हुईं। शर्मिला ने कहा, वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। कांग्रेस पार्टी अभी भी हमारे देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है।



### राहुल पीएम बनें

शर्मिला ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह उसे निभाएंगी। कांग्रेस अडिग तरीके से सभी समुदायों की सेवा करती है और सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करती है। शर्मिला ने कहा कि राहुल गांधी को पीएम के रूप में देखना उनके पिता का सपना था और उन्हें इसमें योगदान देकर खुशी होगी।

## किसान पंजीकृत कराकर एमएसपी पर उत्पाद बेच पाएंगे

# शाह ने तुअर दाल खरीद पोर्टल किया पेश 2027 तक दलहन क्षेत्र में होंगे आत्मनिर्भर

*दलहनों के मामले मे दिसंबर 2027 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को तुअर दाल खरीद पोर्टल (मंच) की शुरुआत की। इस पोर्टल के जरिये किसान खुद को पंजीकृत कराने के साथ न्यूनतम समर्थनम मूल्य (एमएसपी) अथवा बाजार मूल्य पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपने उत्पाद बेच सकते हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शाह ने कहा कि भविष्य में उड़द और मसूर दाल के किसानों के साथ-साथ मक्का किसानों के लिए भी इसी तरह की सुविधा शुरू की जाएगी। मंत्री ने मंच के माध्यम से तुअर की बिक्री के भुगतान के लिए 25 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये करीब 68 लाख रुपये हस्तांतरित भी किए।

### बफर स्टॉक रखने सरकार कर रही है खरीदी

सहकारी राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) जैसी दो केन्द्रीय नोडल एजेंसियां दलहन का 'बफर स्टॉक' रखने के लिए सरकार की ओर से दलहनों की खरीद करती हैं। जब दलहन की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर जाती हैं तो ये एजेंसियां मूल्य समर्थन योजना के तहत भी दलहनों की खरीद करती हैं।

### खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा

पोर्टल की पेशकश के बाद, शाह ने कहा कि बुवाई कार्य से पहले तुअर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपनी उपज बेचने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकृत तुअर किसानों के पास नेफेड/एनसीसीएफ या खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा।

### खुले बाजार का मूल्य एमएसपी से ज्यादा होता है

अगर तुअर दाल का खुले बाजार का मूल्य एमएसपी से अधिक होता है, तो उस स्थिति में एक विधि के जरिये औसत दर निकाली जाएगी। भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये किया जायेगा। शाह ने कहा कि अधिकतर किसान दालों की खेती नहीं कर रहे हैं क्योंकि कीमतें सुनिश्चित नहीं होतीं।





### पहल कृषि क्षेत्र में बड़ा सुधार लाएगी

मंच के जरिये खरीद के साथ यह पहल कृषि क्षेत्र में एक बड़ा सुधार लाएगी और दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा," तुअर की खरीद किसानों से की जाएगी और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।"

■ भविष्य में उड़द दाल, मसूर और मक्का किसानों के लिए सुविधा

### लगातार दूसरे वर्ष कम होने का उत्पादन

यह ध्यान देने योग्य है कि तुअर दाल खरीद पोर्टल ऐसे समय में आया है जब दलहन खेती के रकबे में गिरावट के मद्देनजर खरीफ सत्र 2023-24 में घरेलू तुअर उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष कम होने का अनुमान है। आम चुनावों से पहले केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पर्याप्त बफर बनाए रखने और खुदरा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखने के लिए अधिकतम मात्रा में खरीद करने की उम्मीद है।

### तुअर का उत्पादन नीचे आया

वर्ष 2016-17 के ख़रीफ़ सत्र में तुअर का उत्पादन 48.7 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था और उसके बाद के वर्ष में उत्पादन गिर गया और वर्ष 2022-23 में 33.1 लाख टन के निचले स्तर पर आ गया। कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमान के अनुसार, खरीफ सत्र 2023-24 के लिए तुअर का उत्पादन 34.2 लाख टन होने का अनुमान है।

### उत्पादन बढ़ाने में मदद

शाह ने कहा कि आगे जाकर, उड़द और मसूर किसानों के लाभ के लिए भी एक खरीद पोर्टल शुरू किया जाएगा। उड़द और मसूर दो अन्य दालें हैं जिनके लिए देश आयात पर निर्भर करता है और सुनिश्चित खरीद होने से इनका उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# शेयर बाजार में दो दिन से जारी गिरावट थमी

■ सेंसेक्स 491 अंक उछला, निफ्टी 142 अंक बढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 491 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से रियल्टी, बिजली और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 490.97 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 598.19 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 141.25 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,658.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में दो दिन की गिरावट के बाद आज तेजी लौटी। इसका मुख्य कारण प्रमुख बैंकों का मासिक कारोबार का बेहतर होना है। इससे कर्ज में अच्छी वृद्धि का संकेत मिलता है। रिहायशी क्षेत्र में अच्छी मांग की उम्मीद में रियल्टी क्षेत्र सर्वाधिक लाभ में रहा। इसे आवास कर्ज का वितरण बेहतर रहने के आंकड़े समर्थन मिला।''

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस सर्वाधिक 4.44 प्रतिशत और एनटीपीसी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, पावर ग्रिड, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

**निवेशकों की संपत्ति 3.24 लाख करोड़ रुपए बढ़ी:** बीएसई सेंसेक्स में दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को उछाल आने से निवेशकों की संपत्ति 3.24 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I. **Urmil Kumar Goel S/o Late Sh. Bhiku Mal R/o C-4/30, East of Kailash, New Delhi** am the Allottee of **DDA MIG Freehold Flat No.C-4/30, East of Kailash, New Delhi.** All my **title documents i.e. Original Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Water & Electricity** of my said flat has been lost or misplaced somewhere. An FIR to this effect has been lodged in Police Station vide LR No.**1309268/2024** dated **04/01/2024.** Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact me personally at above address/phone No.9811468453 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (MIG) Housing or Asstt, Director (MIG) Housing, Block-D, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(ORDER 5, rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the court of Sh. Surinder S. Rathi
District Judge, Commercial Court-03, Shahdara District
Room No. 303, New Building, Karkardooma Court, Delhi
Case Reg. No. : CS(COMM) No. 554/2023
Sh. Jamil Khan
Versus
Sh. Rajeev Aggarwal
To,
Sh. Rajeev Aggarwal
Prop. of M/s. Rajeev Agencies
Having Office at : 3439, Gali No.3, Dharampura, Gandhi Nagar, East Delhi, Delhi-110031
Second Address : 6814, Arya Samaj Gali, Gandhi Nagar, East Delhi, Delhi-110031
Mobile : 9990942501

WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **15-01-2024** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
GIVEN under my hand and seal of the court, this 22-12-2023.
Sd/
District Judge, Commercial Court-03, Shahdara District
Seal Karkardooma Court, Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

**विषय :** रिहायसी मकान नं. ए–1196, एरिया 180 गज, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद, हरियाणा, की मालिक श्रीमती उर्मिला के मृत्यु के पश्चात स्वामित्व के हस्तांतरण करने के बारे में।
स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला जो की संपत्ति की मालिक थी जिनका रिकॉर्ड के अनुसार दिनांक 12.08.2022 को निधन हो गया और उन्होंने अपने जीवन काल में कोई वसीयत रजिस्टर नहीं करवायी। अब श्री गुलशन (आधार न. 8542 4649 1587) सुपुत्र स्वर्गीय श्री हरीश, अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला के कानूनी वारिस होने के नाते अपने पक्ष में उनकी भाग संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं। यदि किसी को उक्त मकान/प्लॉट के इस्तांतरण पर आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर आपत्ति के दस्तावेज के साथ नगर निगम कमिश्नर फरीदाबाद के पास लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा नगर निगम कमिश्नर नीति के अनुसार संपत्ति के हस्तांतरण की स्वीकृति दे दी जाएगी और बाद में किसी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा
कानूनी वारिस श्री गुलशन।

**पहचान की अपील**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** कानो, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 50 साल, **कदः** 5'6'', **लिंगः** पुरूष, **रंगः** सांवला, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** स्लेटी रंग की जैकेट और काले रंग का पजामा, **बरामदी स्थलः** जो दिल्ली के आश्रम फ्लाईओवर के नीचे बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में एमएलसी नंबर 1058866/2023 के तहत भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।
इस सम्बंध में **DD No. 67A, दिनांक 22.12.2023, पुलिस स्टेशनः सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।
**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशनः सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली**
**DP/132/SE/2024** **फोनः 9891615456, 8750870928**

### गुजरात के पांच सहकारी बैंकों पर जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने नियमों के अनुपालन में विभिन्न खामियों के लिए गुजरात के पांच सहकारी बैंकों को दंडित करते हुए उनपर पिछले एक महीने में 50,000 रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को अलग-अलग बयानों में कहा कि 13 दिसंबर, 2023 को जारी आदेश में उसने वडोदरा के श्री भारत सहकारी बैंक पर अन्य बैंकों में जमा रखने संबंधी उसके दिशानिर्देशों के अनुपालन में विफल रहने के साथ 2016 के जमा पर ब्याज नियमों का उल्लंघन करने के लिए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

# विलय, अधिग्रहण सौदे 2023 में 51 प्रतिशत घटे

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ तीन साल के निचले स्तर 83 अरब डॉलर पर

वैश्विक वित्तपोषण में कमी का असर घरेलू कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण सौदों पर भी पड़ा है। यह 2023 में 51 प्रतिशत घटकर तीन साल के निचले स्तर 83.8 अरब डॉलर पर रहा।

वास्तव में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. के विलय से सौदा राशि कुछ ठीक रही। दोनों वित्तीय संस्थानों का विलय कंपनी जगत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा सौदा है। वित्तीय बाजार के आंकड़े देने वाली एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पूर्व में रिफिनिटीव) की रिपोर्ट के अनुसार अगर एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. के 60.4 अरब डॉलर के विलय सौदे को हटा दिया जाए तो सौदा मूल्य 23 प्रतिशत और कम हो जाएगा। वैश्विक स्तर पर सौदे को लेकर कमजोर परिवेश के कारण बीते वर्ष कुछ ही बड़े सौदे पूरे हो पाए। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस के वरिष्ठ प्रबंधक एलेन टान ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसके परिणामस्वरूप तीन अरब डॉलर मूल्य से अधिक का केवल एक सौदा हुआ और यह सौदा 60.4 अरब डॉलर का एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के बीच था। वहीं 2022 में तीन अरब डॉलर से अधिक मूल्य के पांच सौदे हुए थे।

### पूंजी कुछ सस्ती होने की उम्मीद

इससे पूंजी कुछ सस्ती होने की उम्मीद है। इसको देखते हुए 2024 में चुनाव के बाद और देशभर में विलय एवं अधिग्रहण गतिविधियों में तेजी आ सकती है। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी, 2022 में संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनिश्चितता बढ़ने से मार्च से वैश्विक वित्तपोषण में कमी आई है।

# प्रीमियम खंड में मजबूत स्थिति चाहती है वीवो

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वीवो ने 'वीवो एक्स100' श्रृंखला के फोन पेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य 'प्रीमियम' खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है।
वीवो की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई एक्स100 सीरीज में एक्स100 प्रो और एक्स100 शामिल है। ये जेडईआईएसएस कैमरे से लैस हैं और इसकी कीमत 63,999 रुपये से अधिक होगी। वीवो इंडिया के उत्पाद प्रबंधन प्रमुख विकास टैगरा ने कहा, ''एक्स100 श्रृंखला उपभोक्ताओं को बेहतरीन 'मोबाइल फोटोग्राफी' अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कमजोर संकेतों से चांदी 1900 रुपसे लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सोने में 420 रुपए की गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,900 रुपये की भारी गिरावट के साथ 76,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 78,800 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में मंदी के रुझान के बाद दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,042 डॉलर प्रति औंस और चांदी नुकसान के साथ 23.05 डॉलर प्रति औंस रही। गांधी ने कहा कि कॉमेक्स में सोने की कीमतें दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को कम करने की योजना के बारे में अनिश्चितता ने व्यापारियों के बीच जोखिम-मुक्त भावना को बढ़ावा दिया।

# सी.पी. गुरनानी अपग्रैड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल हुए



**मुंबई।** एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत शिक्षण कौशल और कार्यबल विकास कंपनियों में से एक अपग्रैड ने सी.पी. गुरनानी की नियुक्ति की घोषणा की है। गुरनानी अपने निदेशक मंडल में जनवरी 2024 से प्रभावी होंगे। श्री गुरनानी एक स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में काम करेंगे, जबकि कौशल देने वाली दिग्गज कंपनी अपने घरेलू और वैश्विक परिचालन को बढ़ाना जारी रखेगी। टेक महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के रूप में उनके 19 वर्षों के नेतृत्व में, कंपनी ने परिचालन/नवाचार और टॉपलाइन दोनों के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की और शीर्ष 5 भारतीय आईटी मार्की खिलाड़ियों में अपनी स्थिति बरकरार रखी। वह पिछले महीने अपने पद से सेवानिवृत्त हुए और तीन दशकों से अधिक समय तक महिंद्रा एंड महिंद्रा के बोर्ड में कार्यरत रहे। टेक महिंद्रा से पहले, गुरनानी ने एचसीएल पेरोट जेवी में संस्थापक और सीईओ के रूप में नेतृत्वकारी भूमिकाएँ निभाईं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

**मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि औरंगजेब @ गुड्डू, पुत्र मोहम्मद, खालिक, निवासी ईई–2583, जहांगीर पुरी, दिल्ली ने FIR No.469/2023, U/s 370 IPC & 75/79 JJ Act, 3/14 CL Act, 16/17/18 BLS Act थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त औरंगजेब @ गुड्डू, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त औरंगजेब @ गुड्डू, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है FIR No.469/2023, U/s 370 IPC & 75/79 JJ Act, 3/14 CL Act, 16/17/18 BLS Act थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त औरंगजेब@ गुड्डू, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.02.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।**
आदेशानुसार
**सुश्री ज्योति नैन**
महानगर दण्डाधिकारी–07,
कमरा नं.06, रोहणी कोर्ट, दिल्ली
**DP/14918/NW/2023**

## राशिफल



**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।




**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।




**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।



**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।



**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।




**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।



**तुला** लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।



**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।



**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।



**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।



**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।



**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# एक दिन में मुकेश अंबानी और मस्क से आगे निकले गौतम अदाणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ अदाणी की संपत्ति में 5.64 अरब डॉलर का जोरदार उछाल आया

नए साल की शुरुआत कई अरबपतियों के लिए खास नहीं रही। लेकिन अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने साल की धमाकेदार शुरुआत करके कई अमीरों को पीछे छोड़ दिया। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स ने इस साल में किस अरबपति की कितनी संपत्ति बढ़ी है उसे लेकर रिपोर्ट जारी की. जिसके अनुसार साल की शुरुआत से लेकर अब तक गौतम अदाणी की संपत्तिमें 5.64 अरब डॉलर का जोरदार उछाल आया। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में फैसला सुनाया। जिसके बाद से गौतम अदाणी की संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। केवल बुधवार को एक ही दिन में संपत्ति में 4.01 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। जिसके बाद अब वे दुनिया के अरबपतियों की सूची में 14वें नंबर पर पहुंच गए। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक के अडानी टॉप गेनर हैं। पिछले साल वे टॉप लूजर की सूची में थे।

### एलन मस्क टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल

साल 2024 की शुरुआत से लेकर अब तक पिछले साल के टॉप गेनर एलन मस्क की संपत्ति में 9 अरब डॉलर की कमी हो गई। जिसके बाद वे इस साल के टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल हुए। केवल बुधवार को ही उनकी संपत्ति 7.13 अरब डॉलर कम हुई। हालांकि अभी भी वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब संभाले हैं। उनकी 220 अरब डॉलर नेटवर्थ है।

### सूची में बेजोस दूसरे स्थान पर

अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस दुनिया के सबसे अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए। जहां पहले बर्नार्ड अर्नाल्ट थे। अर्नाल्ट की संपत्ति में 11.6 अरब डॉलर की कमी हुई। जिसके बाद उनकी नेटवर्थ 167 अरब डॉलर हो गई।

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ– प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| | NIT-39 | **कार्य का नाम** :– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के तहत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के कार्य क्षेत्र में RUB/LHS no -49(km 11/22-24), RUB/LHS NO 51(km 118/10-12), RUB/LHS NO 57(KM 125/13-15), RUB/LHS NO- 66(KM 141/3-5), RUB/LHS NO-49(KM 111/22-24), RUB/LHS NO 67(KM 143/27-29), RUB/LHS NO-63(KM 136/2-4), RUB/LHS NO-76 (KM 159/12-14), RUB/LHS NO-77 (KM 161/24-26), RUB/LHS NO-80 (KM 167/8-10) पर क्षत व शेड और अन्य संबध कार्यों का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-78542117.27** **बयाना राशि (रुपये) :-542700.00** |
| 2 | निविदा बोली प्रस्तुत करने तिथि और समय | 15.01.2024 से 29.01.2024 at 15:00 Hrs. |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 29.01.2023 15:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं: NIT-39-23-24-W-2 दिनांक : 04.01.2024** **35/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## शब्द पहेली - 5385

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | ■ | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | 33 | | ■ | |
| 34 | 35 | ■ | 36 | | | ■ | | ■ | 37 | |
| 38 | | | | ■ | 39 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 5384 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | खा | दि | म | ■ | ■ | ■ | र | ह | ना | ■ |
| दा | द | ■ | हा | ति | म | ता | ई | ■ | क | प |
| न | ■ | ■ | न | ल | ■ | र | स | ■ | ■ | ना |
| व | च | न | ■ | स्म | र | ण | ■ | व | रा | ह |
| ■ | क | ल | म | ■ | ण | ■ | नी | र | ज | ■ |
| ■ | ना | ■ | री | स | ■ | जा | ल | ■ | कु | ■ |
| ■ | चू | स | ना | ■ | प | ■ | म | हि | मा | ■ |
| च | र | खा | ■ | ग | रि | मा | ■ | ना | र | द |
| र | ■ | ■ | त | म | ■ | य | म | ■ | ■ | ली |
| म | स्त | ■ | स | ला | ह | का | र | ■ | क | ल |
| ■ | र | सी | ला | ■ | ■ | ■ | जी | तें | द्र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5395

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5394 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## खबर संक्षेप



### महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 टूर्नामेंट 8 से

**मुंबई।** महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 के पहले टूर्नामेंट का आयोजन यहां आठ से 11 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के अनुसार पंजाब लायंस, यूपी वारियर्स, मुंबई स्टार्स, दिल्ली बुल्स, हैदराबाद ईगल्स और बेंगलोर बादशाहाज की टीम 12 मैच की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता को एक लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी जबकि उप विजेता को 50 हजार रुपए मिलेंगे। सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### आक्रामक रुख अपनागी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम



**नवी मुंबई।** लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने गुरुवार को यहां कहा कि बेहतर स्थिति में होने के दौरान आक्रामक रुख अपनाकर ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ दबदबा बरकरार रखने में सफल रही है और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी यही रुख कायम रखेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ कभी द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 31 में से 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं जबकि छह मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### टेस्ट श्रृंखला कम से कम तीन मैच की हो



**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने के बाद सभी को सतर्क हो जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट श्रृंखला में कम से कम तीन मैचों का आयोजन करने की वकालत की। हॉकले ने कहा, 'यह सभी के लिए एक चेतावनी है। बच्चों और नए लोगों को इस खेल से जोड़ने में टी20 की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। हमारा विश्वास है कि यह दोनों प्रारूप एक साथ चल सकते हैं।'

### अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्लूएफआई



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ खेल मंत्रालय द्वारा लगा निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्लूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था। डब्लूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है। डब्लूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं। हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था। हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।'

---

**क्रिकेट : 31 साल बाद मिली जीत, टीम इंडिया ने 7 विकेट से द.अफ्रीका को हराया**

# भारत केपटाउन में टेस्ट मैच जीतने वाला पहला एशियाई देश, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारत ने टेस्ट इतिहास के अब तक के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट की जीत से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत की न्यूलैंड्स पर सात प्रयासों में यह पहली जीत है। केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार को ऐसा खतरनाक स्पैल डाला कि दक्षिण अफ्रीका लंच से ठीक पहले दूसरी पारी में 36.5 ओवर 176 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला। यह लक्ष्य भारत ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर टीम को पांचवें सत्र के अंदर जीत दिलाई। जीत के लिए बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा। सिराज ने अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ छह विकेट के प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेटने में मुख्य भूमिका निभाई थी।



### बुमराह ने किया कमाल

बुमराह ने छह विकेट लेने के साथ कई रिकॉर्ड बनाए। वह अफ्रीकी धरती पर तीन बार पांच विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले जवागल श्रीनाथ ने ऐसा किया था। अफ्रीकी धरती पर विकेट लेने के मामले में भी वह मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बुमराह के नाम 38 विकेट हैं। श्रीनाथ 40 विकेट और कुंबले 45 विकेट उनसे आगे हैं।



### डब्लूटीसी अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 4 | 2 | 1 | 1 | 26 |
| 2 | द.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 3 | न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 2 | 1 | 42 |
| 5 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 6 | पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 22 |
| 7 | वेस्ट इंडीज | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 8 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

### रोहित की कप्तानी कौशल का नतीजा

कप्तान रोहित के लिए बतौर कप्तान क्रिकेट के चार बड़े देश दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट जीतना शानदार है लेकिन इसमें उनके द्वारा लिए गए फैसलों से उनका कप्तानी कौशल दिखाई दिया। मुकेश कुमार (चार विकेट) को शार्दुल ठाकुर के स्थान पर खिलाना अच्छा फैसला रहा। पहले टेस्ट में सेंचुरियन में मिली पारी और 32 रन की हार के बाद गेंदबाजों ने गेंदबाजी करने की आदर्श लेंथ भी जानी। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में जिस तरह पिच के मिजाज को परखा, वह काबिलेतारीफ रहा जो इस बात का उदहारण है कि मौजूदा पीढ़ी करारी हार के बाद भी घुटने नहीं टेकती।



### रोहित ने की धोनी की बराबरी

*रोहित श्रृंखला बराबर होने से महेंद्र सिंह धोनी (2010-11) के बाद दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला ड्रा कराने वाले दूसरे कप्तान बन गए। हालांकि दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है क्योंकि वह इस देश में अब तक कोई भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सका है।*

### अफ्रीका में भारत की जीत

| साल | जगह | नतीजा |
|---|---|---|
| 2006 | जोहान्सबर्ग | 123 रन से जीता |
| 2010 | डरबन | 87 रन से जीता |
| 2018 | जोहान्सबर्ग | 63 रन से जीता |
| 2021 | सेंचुरियन | 113 रन से जीता |
| 2024 | केपटाउन | 7 विकेट से जीता |

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्कराम का शर्मा बो सिराज | 106 | 103 | 17 | 2 |
| एल्गर का कोहली बो मुकेश | 12 | 28 | 2 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो मुकेश | 01 | 07 | 0 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो बुमराह | 01 | 14 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का राहुल बो बुमराह | 11 | 12 | 2 | 0 |
| वेरेयने का सिराज बो बुमराह | 09 | 07 | 1 | 0 |
| यानसेन का एवं बो बुमराह | 11 | 09 | 2 | 0 |
| महाराज का अय्यर बो बुमराह | 03 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा का शर्मा बो प्रसिद्ध | 02 | 12 | 0 | 0 |
| नैनड्रे बर्गर नाबाद | 06 | 20 | 1 | 0 |
| एनगिडी का जायसवाल बो बुमराह | 08 | 10 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 36.5 ओवर में 176/10
गेंदबाजी : बुमराह 13.5-0-61-6, सिराज 9-3-31-1, प्रसिद्ध 10-2-56-2, मुकेश 4-1-27-1.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्टब्स बो बर्गर | 28 | 23 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 17 | 22 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो रबाडा | 10 | 11 | 2 | 0 |
| कोहली का वेरेयने बो यानसेन | 12 | 11 | 2 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 04 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 12 ओवर में 80/3
गेंदबाजी : रबाडा 6-0-34-1, बर्गर 4-0-29-1, यानसेन 2-0-15-1

---

## स्टंपिंग, कन्कशन सब्स्टीट्यूट के नियमों में आईसीसी का संशोधन

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने खेल की स्थितियों में उल्लेखनीय बदलाव किया है, जिसके अनुसार अंपायर अब निर्णय समीक्षा प्रणाली रेफरल के दौरान विकेट के पीछे कैच पर विचार किए बिना स्टंपिंग के लिए केवल 'साइड ऑन रीप्ले' का आकलन करेंगे।

नियमों में यह संशोधन 12 दिसंबर 2023 से लागू हो गया है। इसके अनुसार यदि कोई टीम स्टंप आउट की जांच के दौरान विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल लेना चाहती है तो उसे अलग से डीआरएस का विकल्प चुनना होगा। पिछले साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया के



विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने टीम के डीआरएस का उपयोग किए बिना स्टंपिंग के बाद विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल का इस्तेमाल किया था। लेकिन अब नए नियम लागू होने के बाद स्टंपिंग के लिए की गई अपील में केवल साइड ऑन कैमरे की छवि को ही दिखाया जाएगा और अंपायर केवल उसी पर गौर करेंगे। वह इसकी जांच नहीं करेंगे की गेंद बल्ले को छूकर गई है या नहीं।

### कन्कशन के लिए नियम

आईसीसी ने कन्कशन के लिए स्थानापन खिलाड़ी लेने को लेकर भी नियमों को स्पष्ट किया है। अब स्थानापन खिलाड़ी को तभी गेंदबाजी करने की अनुमति दी जाएगी जबकि मूल खिलाड़ी को गेंदबाजी करते समय 'कन्कशन' के कारण हटना पड़ा हो। विश्व क्रिकेट की संचालन संस्था ने इसके साथ ही मैदान पर चोट के आकलन और उपचार के लिए चार मिनट का समय भी तय कर दिया है।

## भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच आज

**नवी मुंबई।** इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 0-3 से गंवाई थी जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराया था। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसे तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 148 रन पर आउट हो गई।

## वार्नर ने बनाए 34 रन, ऑस्ट्रेलिया और पाक मैच में बारिश का खलल

एजेंसी ▶▶| सिडनी

डेविड वार्नर अपने विदाई टेस्ट मैच की पहली पारी में 34 रन बनाकर आउट हुए जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 116 रन बनाए। खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन केवल 46 ओवर का खेल ही संभव हो पाया। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए थे और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया अभी उससे 197 रन पीछे है।

जब अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया तब मार्नस लाबुशेन 23 और स्टीव स्मिथ 6 रन पर खेल रहे थे। दूसरे सत्र में पहले खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। सिडनी क्रिकेट




ग्राउंड पर दूधिया रोशनी का प्रकाश था लेकिन इसके बावजूद खेल रोक दिया गया जो दर्शकों को नागवार गुजरा। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस फैसले की आलोचना की। स्टेडियम में मौजूद 25000 दर्शक खेल शुरू होने की उम्मीद में बैठे रहे लेकिन उसके बाद बारिश आ गई जिसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया।

---

## कोको गॉफ का ऑकलैंड टेनिस में शानदार जीत



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने गुरुवार को यहां चेक गणराज्य की किशोरी बारबरा फ्रुहविर्टोवा को 6-3, 6-0 से पराजित करके ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

चेक गणराज्य की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने गॉफ को शुरुआत में चुनौती दी लेकिन अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी ने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बनाकर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। गॉफ क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की आठवीं वरीयता प्राप्त वरवारा ग्रेचेवा से भिड़ेंगी। ग्रेचेवा ने स्विट्जरलैंड की लुलु सुन को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच ने छह ऐस लगाए और नौ में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चीन की युआन यू को 6-2, 6-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में मार्टिच का मुकाबला अमेरिका की एम्मा नवारो से होगा।

## अजारेंका, ओस्टापेंको ने क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विक्टोरिया अजारेंका ने गुरुवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा। इस टूर्नामेंट का 2009 में जब पहली बार आयोजन किया गया था तब अजारेंका चैंपियन बनी थी।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्रांस की क्लारा बुरेल को 7-5, 6-2 से हराकर पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में फ्रेंच ओपन 2017 की चैंपियन ओस्टापेंको ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन बार की विजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में 2017 के चैंपियन ग्रिगोर



दिमित्रोव ने डैनियल अल्टमायर को आसानी से 6-1, 6-2 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य के क्वालीफायर टॉमस मचाक को 5-7, 6-2, 7-6 (4) से हराया।

## पेरिस सेंट जर्मेन ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी



**पेरिस।** किलियन एमबापे और ली कांग के गोल की मदद से फ्रेंच लीग चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन ने फ्रेंच कप विजेता टूलूज़ को 2-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। ली ने तीसरे मिनट में ही ओसुमाने डेम्बले की मदद से गोल करके पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। टूलूज़ के पास 18वें मिनट में बराबरी का गोल करने का मौका था लेकिन गेब्रियल सुआजो गोल करने से चूक गए। एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके पीएसजी की जीत सुनिश्चित की। यह उनका इस सत्र में 23 मैच में 22वां गोल था। वह 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद इस क्लब के लिए 234 गोल कर चुके हैं जो एक रिकॉर्ड है।

---

**सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी**

# रणजी ट्रॉफी में चमक बिखेरने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में जहां नए खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे वहीं कुछ पुराने खिलाड़ी अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए जीजान लगाएंगे।

भारत की टेस्ट टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में खिलाड़ी लगभग तय हैं ऐसे में देश की प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिता में कोई असाधारण प्रदर्शन ही चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित कर पाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में



शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में बहुत अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की क्रिकेट में ही व्यस्त रहेंगे जिसमें आईपीएल और जून में होने वाला टी20 विश्व कप भी शामिल है। रणजी ट्रॉफी में सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी रहेगी जो अभी भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। यह दोनों खिलाड़ी बड़े स्कोर बनाकर अपनी दावेदारी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

रहाणे 41 बार के चैंपियन मुंबई की अगुवाई भी करेंगे। इसी तरह से पिछले सत्र में सर्वाधिक 990 रन बनाने वाले कर्नाटक के मयंक अग्रवाल भी बड़ी पारियां खेल कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

### युवाओं पर सलेक्टर्स की नजर

कई युवा खिलाड़ी हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब है। इनमें मुंबई के सरफराज खान भी शामिल हैं जो पिछले कुछ सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे। तेज गेंदबाजी की 'बेंच स्ट्रेंथ' को मजबूत करने की चर्चा चल रही है। ऐसी परिस्थितियों में कर्नाटक के विद्युत कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार, गुजरात के अर्जन नागवासवाला और बंगाल के इशान पोरेल जैसे युवा तेज गेंदबाज अपना प्रभाव छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक स्पिनरों की बात है तो राजस्थान के 21 वर्ष के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुतार पर निगाह टिकी रहेंगी जिन्होंने पिछले सत्र में आठ मैच में 44 विकेट लिए थे।

## ला लिगा : रियल मैड्रिड और गिरोना ने दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल मैड्रिड और गिरोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष दो स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। इन दोनों टीम ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीते। इससे उनके 19 मैच में 48 अंक हो गए हैं जबकि तीसरे स्थान की टीम एटलेटिको मैड्रिड के उनसे 10 अंक कम हैं।

रियल मैड्रिड गोल अंतर में गिरोना से आगे शीर्ष पर काबिज है। रियल मैड्रिड ने एंटोनियो रुडिगर के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से अपने घरेलू मैदान पर मलोर्का को 1-0 से हराया। वीनीसीयस जूनियर ने चोट से



उबरकर इस मैच में वापसी की। इस सत्र में स्पेनिश फुटबॉल लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाली गिरोना की टीम ने इवान मार्टिन के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड को 4-3 से हराया। एटलेटिको की तरफ से तीनों गोल अलवारो मोराता ने किए। अन्य मैचों में सेल्टा विगो ने रियल बेटिस को 2-1 से जबकि ग्रेनाडा ने कैडिज को 2-0 से हराया।




# ठंड से ठिठुरा उत्तर भारत

**इन राज्यों में बारिश का अलर्ट**

*आईएमडी के मुताबिक दक्षिण तमिलनाडु, दक्षिण केरल और लक्षद्वीप के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लक्षद्वीप में 4 जनवरी को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, दक्षिण हरियाणा और इसके आसपास चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है।*

दिल्ली समेत उत्तर भारत में शीतलहर और ठंड का प्रकोप जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले दो दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। हालांकि दो दिनों के बाद इसमें सुधार संभव है। वहीं उत्तर पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में भी दो दिनों तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा। पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में शुक्रवार को भी शीतलहर चलेगी।

## डल झील में जमी बर्फ की परत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जम्मू कश्मीर में घना कोहरा और शीतलहर से गुरुवार को भी राहत नहीं मिली। अनंतनाग शहर में बीती रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7 डिग्री दर्ज किया गया।*

*श्रीनगर शहर में तापमान शून्य से नीचे 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और डल झील की सतह पर बर्फ की एक पतली परत बन गई। हाउसबोट में रहने वाले स्थानीय निवासियों को अपनी नौकाओं को किनारे पर लाने के लिए बर्फ की परत तोड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अत्यधिक शीतलहर के कारण कश्मीर के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति करने वाले पाइप के अंदर पानी जम गया है।*



## यहां रहा 6 से 9 डिग्री का तापमान

पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6 से 9 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम ने ली करवट

**जम्मू:** जम्मू में घने कोहरे के कारण कम दृश्यता के बीच जम्मू की सड़क पर धीमी गति से चले वाहन

## यहां रहा 10 से 12 डिग्री का तापमान

पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ इलाकों में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### देरी से चली ट्रेन और फ्लाइट


कोहरे के कारण दिल्ली से आने वाली 26 ट्रेने 6 घंटे देरी से चलीं। करीब आधा दर्जन फ्लाइट की उड़ाने भी प्रभावि हुई हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### चीन में ही गिरा अंतरिक्ष में गया रॉकेट

**बीजिंग।** चीनी स्पेस एजेंसी सीएनएसए ने 25 दिसंबर 2023 को दो सैटेलाइट लॉन्च किए थे।



लॉन्चिंग के लिए लॉंग मार्च 3बी रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। रॉकेट ने इन सैटेलाइट्स को मीडियम अर्थ ऑर्बिट में छोड़ा, लेकिन रॉकेट के किनारे लगे बूस्टर धरती की तरफ लौटे और दक्षिणी चीन के गुआंगशी इलाके में एक घर के पास गिरे। इसके गिरने का लोगों ने वीडियो बना लिया।

### कोर्ट में महिला जज पर हमला, वीडियो वायरल

**न्यूयार्क।** अमेरिका के लॉस वेगास से एक हैरान करने वाली खबर



सामने आई है। यहां क्लार्क काउंटी जिला कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी ने महिला जज मैरी पर हमला कर दिया। सुनवाई के बाद महिला जज आरोपी को सजा सुना रही थीं। इस पर वह भड़क गया और टेबल से कूदकर अचानक उनके ऊपर हमला कर दिया। जैसे ही आरोपी ने हमला किया आस-पास मौजूद लोग हैरान रह गए। वहां मौजूद गार्ड्स ने आरोपी को पकड़ लिया।

---

विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान

## 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा के खिलाफ करेंगेअपील



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने 28 दिसंबर को फैसला सुनाया था। इसके बाद हमने बताया कि इन 8 लोगों की मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है। हमारी कानूनी टीम के पास कोर्ट का ऑर्डर है। ये गोपनीय ऑर्डर है। हम इतना जरूर कह सकते हैं कि आठों को अलग-अलग अवधि की सजा मिली है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि मौत की सजा खत्म हो गई है। हमारे पास 60 दिनों का समय है और हम कतर के सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। मामले को लेकर लीगल टीम काम कर रही है। हम कानूनी टीम के संपर्क में हैं।

**विदेश मंत्रालय बोला हम साथ खड़े हैं**

8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को राहत मिलने पर विदेश मंत्रालय ने 28 दिसंबर को कहा था कि हम इनके साथ शुरू से खड़े रहे हैं। मंत्रालय ने कहा था कि हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ कोर्ट में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से उनके साथ खड़े हैं और हम उन्हें सभी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के सामने भी उठाते रहेंगे।

**मामला क्या है?**

कतर में स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी में काम कर रहे आठ भारतीयों को अगस्त में कथित जासूसी के मामले में पकड़ा गया था। फिर इन सभी को 26 अक्टूबर को मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि कतर ने आरोपों को लेकर अधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

---

भारत की विद्युत नीति से नेपाल को अधिक आर्थिक फायदा हुआ: पुष्पकमल

# भारत सरकार हमेशा नेपाल संबंधों को देती उच्च प्राथमिकता: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

राष्ट्रपति के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार हमेशा ही नेपाल के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के कारण भी नेपाल भारत की प्राथमिकता में रहता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि नेपाल के साथ जन स्तर से लेकर पौराणिक और आध्यात्मिक संबंध होने के कारण भी भारत के लिए नेपाल एक विशेष स्थान रखता है।

**खास बातें**

- विदेश मंत्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और पीएम से की मुलाकात
- विदेश मंत्री का राष्ट्रपति पौडेल ने किया स्वागत
- प्रचण्ड ने कई परियोजनाओं को शुरू करने की इच्छा व्यक्त की

## द्विपक्षीय संबंध सुदृढ़ करने पर जोर

नेपाल दौरे पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात की। राष्ट्रपति पौडेल ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और सुदृढ़ किए जाने पर जोर दिया।



**त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत**

नेपाली विदेश मंत्री सउद ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। नेपाल की विदेश सचिव सेवा लम्साल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 2024 के अपने पहले दौरे के लिए नेपाल वापस आकर खुश हूं। अगले दो दिन में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में हुई थी और यह दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है।

### भारत से साझेदारी के कारण नेपाल की विकास गति तेज

*एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचण्ड से भी शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने बडे ही गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बता दें कि अपने भारत भ्रमण के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई साझेदारी के कारण नेपाल की विकास गति बढ़ने की जानकारी देते हुए प्रचण्ड ने कहा कि भारत की नई विद्युत नीति के कारण नेपाल को कम समय में ही अपेक्षा से अधिक आर्थिक फायदा हुआ है। प्रचण्ड ने भारत के साथ मिलकर नेपाल की कई बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने की अपनी इच्छा व्यक्त की।*

**विद्युत और पर्यटन विकास के लिए भारत तत्पर**


पीएम प्रचण्ड के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत सरकार का ध्यान सिर्फ समझौते करने में ही नहीं रहता, बल्कि समय पर उसका कार्यान्वयन करना भी उद्देश्य रहता है। जयशंकर ने कहा कि नेपाल के विद्युत और पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए भारत हमेशा ही तत्पर रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल के चहुंमुखी विकास के लिए भारत हरसंभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

---

**2 घंटे का सफर 35 मिनट में होगा तय**

- पीएम मोदी 12 जनवरी को करेंगे उद्घाटन
- पुल की लंबाई 21.8 किमी, 16 .5 किमी समुद्र में ही बना
- प्रोजेक्ट पर 17,843 करोड़ रुपए का खर्चा आया
- 250 से 300 रुपए लग सकता है टोल टैक्स
- पुल पर रोजाना करीब 70 हजार वाहन गुजरेंगे
- पुल के बनने से लाखों लोगों को मिलेगा फायदा, समय की होगी बचत

## समुद्र पुल पर 100 की स्पीड से दौड़ेंगी गाड़ियां



---

सर्च ऑपरेशन जारी

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच साल की पहली मुठभेड़

**जम्मू।** कश्मीर घाटी में साल की पहली मुठभेड़ बुधवार देर रात कुलगाम जिले के आदिगाम में हुई। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर रखा है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस दौरान घर में छिपे आतंकियों ने



सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों को समर्पण का मौका दिया गया, लेकिन जब वे लगातार फायरिंग करते रहे, तो मुठभेड़ शुरू हो गई। देर रात गोलीबारी रुकने के बाद सुबह एक बार फिर फायरिंग शुरू हुई। फिलहाल खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों ने गोलीबारी रोककर सर्च अभियान शुरु कर दिया है।

---

## फिलीपींस से मनप्रीत भारत में फैला रहा था आतंक पाक सीमा से हथियार, जबरन करता था वसूली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनआईए के आरोप पत्र में बड़ा खुलासा हुआ है। देश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने फिलीपींस से मनप्रीत सिंह 'पीता' आतंकवादी गैंगस्टर नेटवर्क चला रहा था। वह भारत-पाक बॉर्डर से हथियार जुटाता था, जबकि जबरन वसूली कॉल के माध्यम से धन एकत्रित करता था।

आतंकी गतिविधियों एवं आपराधिक साजिशों को अंजाम देने के लिए 'पीता' ने कई गिरोह खड़े किए थे। वह आतंकियों की भर्ती कर रहा था। एनआईए ने गुरुवार को आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क मामले में अर्श डाला के करीबी सहयोगी मनप्रीत सिंह उर्फ 'पीता' के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।




**अर्श डाला के निर्देशों पर करता था काम**

पीता, खालिस्तान टाइगर फोर्स के संचालक अर्श डाला के निर्देशों पर काम करता था। वह फिलीपींस से ही आतंकी गिरोह का संचालन करता था। वह 'डाला' और केटीएफ के लिए भारत-पाक सीमा से हथियार इकट्ठा करता था। इसके अलावा धन जुटाने के लिए वह जबरन वसूली कॉल का सहारा लेता था। भारत सरकार ने फरवरी 2023 में केटीएफ को आतंकवादी संगठन घोषित कर उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। पीता का प्रयास था कि देश में ज्यादा से ज्यादा आतंकी गिरोह खड़े किए जाएं। इसके लिए उसने डाला के इशारे पर आतंकी अपराधों और साजिशों को अंजाम देने के लिए नए सदस्यों की भर्ती शुरू की थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109